जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 33 संख्याः 355 प्रभात उदयपुर, सोमवार 26 अक्टूबर, 2026 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

राहुल गांधी ने व्यापारियों का अनुरोध ठुकराया, महारैली 1 नवम्बर को होगी

कांग्रेस नेता ने लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी लोगों को रैली में पहुँचने की अपील की

■ कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी पार्टी सांसदों को 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक दिल्ली में रहने के निर्देश दिए।

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली "वोट बचाओ, देश बचाओ जन मार्च और महारैली" में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों सहित लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी लोगों से इस कार्यक्रम में पहुंचने को कहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं और नियम-कानूनों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि वोट के अधिकार की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। हालांकि राहुल गांधी या कांग्रेस ने चेम्बर ऑफ ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री (सी.टी.आई.) के उस पत्र का कोई जिक्र नहीं किया जिसमें उनसे रैली को आगे बढ़ ाने की अपील की गई थी।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी और कहा, अब देश की जनता इसका जवाब देगी।

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह भाजपा और उसके सहयोगियों का दिल से धन्यवाद करते हैं, क्योंकि वे इस कार्यक्रम का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

दरअसल, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को पत्र लिखकर 1 नवंबर की रैली को स्थगित करने का अनुरोध किया गया था। नेता प्रतिपक्ष को लिखे पत्र में व्यापारियों ने राहुल गांधी से निवेदन किया था कि कांग्रेस इस रैली को त्योहारों तक के लिए टाल दे। लेकिन कांग्रेस ने उनके इस अनुरोध को नकार दिया और राहुल गांधी ने 1 नवंबर की रैली के लिए एलान कर दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के सभी सांसदों से 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दिल्ली में मौजूद रहने का आग्रह किया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों ने चुनाव आयोग (ईसी) और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) पर चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए हैं।

खड़गे ने पार्टी सांसदों से अपने संदेश में कहा है कि इन तीन दिनों के दौरान वोट चोरी के मुद्दे पर जारी विरोध प्रदर्शनों और चुनाव आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा की गई कथित गड़बड़ियों के खुलासों को देखते हुए सभी सांसद दिल्ली में मौजूद रहें। पार्टी का यह निर्देश आगामी जन मार्च और मेगा रैली की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

फ्रांस में लाखों प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे, एक हजार गिरफ्तार

पेरिस, 25 अक्टूबर। फ्रांस के अलग-अलग शहरों में शनिवार देर रात हुए विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग सड़कों पर उतरे जिसके बाद कई जगहों पर पुलिस से झड़पें भी हुईं। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान लगभग 1,000 लोगों को गिरफ़्तार किया गया।

पहले शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए थे, उस दौरान पुलिस ने पेरिस समेत कई शहरों

■ महंगाई के खिलाफ आंदोलन में कई जगह पुलिस ने आँसू गैस व वॉटर कैनन का उपयोग किया।

में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया था। मार्सेय में बैरिकेड्स में आग लगा दी गई और लोगों ने बोर्डों में एक दुकान में तोड़ फोड़ की। अधिकारियों ने दावा किया है कि पिछले सप्ताह में देखी गई व्यापक स्तर की हिंसा और लूटपाट से बचने में इस बार अबतक कामयाबी मिली है।

इन प्रदर्शनों के दौरान ऐसी तस्वीरें आईं जिन्हें फ्रांस में अबतक की सबसे ख़राब परिस्थितियां कहा जा रहा है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को क़रीब चार लाख से ज़्यादा लोग

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ सरकार के प्रति जरुरत से ज्यादा नरम थे'

पूर्व न्यायाधीश कौल की पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति से जुड़ी घटना का उल्लेख

■ कौल ने कहा कि सरकार से सलाह लेने और नियुक्ति से पहले उसकी मंजूरी लेने में बड़ा अंतर है। कोलीजियम की औपचारिक चर्चा से पहले सरकार की सहमति लेना न्यायिक स्वतंत्रता के लिए चिंता का विषय है।

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर पूर्व जजों के बीच मतभेद सामने आए हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। कौल का आरोप है कि जजों की नियुक्ति के मामले में चंद्रचूड़ सरकार के प्रति जरूरत से ज्यादा नरम थे। उन्होंने कहा कि कोलीजियम को सरकार के दबाव का विरोध करना चाहिए, ताकि न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनी रहे।

पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल ने अपनी आने वाली किताब "विदाउट फियर ऑर फेवर" में सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति से जुड़ी एक घटना का जिक्र किया है। उनके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में छह खाली पदों को भरने के लिए कोलीजियम की बैठक होनी थी। इससे पहले पांच नामों पर सहमति बन चुकी थी।

कौल का दावा है कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ ने आखिरी समय में छठे नाम का प्रस्ताव रखा और सरकार की राय जानने के लिए फोन करने पर विचार किया। कौल ने कहा कि उन्होंने इस नाम पर असहमति जताई थी और उन्हें लगता था कि कोलीजियम के दूसरे सदस्य भी इसे स्वीकार नहीं करेंगे।

कौल ने कहा कि चंद्रचूड़ ने उन्हें अलग कमरे में बुलाकर सरकार की राय लेने के लिए फोन करने की बात कही थी। कौल के मुताबिक, उन्होंने इसका विरोध किया, क्योंकि उनके विचार में नियुक्तियों पर फैसला कोलीजियम की औपचारिक बैठक में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ चाहते थे कि वह छठे नाम पर सहमत हो जाएं, लेकिन कौल का मानना था कि कोलीजियम के अन्य सदस्य भी उस नाम को स्वीकार नहीं करेंगे। कौल ने यह आशंका भी जताई कि संभव है कि कुछ नामों, यहां तक कि छठे नाम पर भी, सरकार से पहले ही किसी तरह की सहमति ली गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ पहले से नामों पर चर्चा करने की प्रक्रिया पहले भी चलती रही और बाद में भी जारी रही।

कौल ने कहा कि सरकार से सलाह लेने और नियुक्ति पर पहले से उसकी मंजूरी लेने में बड़ा अंतर है। उनके मुताबिक, कोलीजियम की औपचारिक चर्चा से पहले सरकार की सहमति लेना न्यायिक स्वतंत्रता के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम को कार्यपालिका यानी सरकार के दबाव

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

वायु सेना के 100 विमानों ने "विंग्स ओवर गंगा" में करतब दिखाए

प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ वाराणसी में एयर शो देखा

■ वायु सेना के शानदार हवाई प्रदर्शन में सुखोई-30, एमकेआई, राफेल, मिराज-2000, मिग-29, एलसीए तथा जैगुआर जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों ने अपनी ताकत व युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया।

वाराणसी, 25 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नमो घाट से भारतीय वायुसेना के शौर्य, कौशल और अदम्य पराक्रम का शानदार नजारा देखा। भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित "विंग्स ओवर गंगा" के तीसरे दिन "एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026" में 100 विमानों और हेलीकॉप्टरों ने गंगा के ऊपर हैरतअंगेज हवाई करतब दिखाए। लड़ाकू विमानों की गर्जना, तेज रफ्तार और रोमांचक फॉर्मेशन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

हवाई प्रदर्शन में सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, मिराज-2000, मिग-29, एलसीए और जगुआर जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों ने अपनी ताकत और युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया। हार्वर्ड विमान के साथ सूर्यकिरण और सारंग एरोबेटिक टीमों ने भी अपने शानदार करतबों से दर्शकों का ध्यान खींचा।

अलग-अलग दिशाओं से विमानों की आवाजाही, तेज रफ्तार, सटीक तालमेल और आकर्षक फॉर्मेशन ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एयर शो में लड़ाकू विमानों के अलावा हेलीकॉप्टर, परिवहन और सहायक विमानों ने भी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में भारतीय थल सेना के दो एएलएच हेलीकॉप्टरों के साथ भारतीय नौसेना के एक पी-8आई विमान और एक कामोव-31 हेलीकॉप्टर ने भी भागीदारी की। इस भव्य हवाई प्रदर्शन में कुल 100 विमानों ने हिस्सा लिया।

'खड़गे ने प्रधानमंत्री के पिताजी पर अभद्र टिप्पणी की'

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज पटना में

■ गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह टिप्पणी कांग्रेस की हताशा व निराशा को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री के पिताजी के बारे में अभद्र टिप्पणी कर सारी मर्यादाएँ तार-तार कर दी हैं। बीते 12 वर्षों में लगातार मिल रही चुनावी हार से कांग्रेस पार्टी में हताशा व निराशा इतनी बढ़ चुकी है कि अब उसके पास न कोई नीति बची है, न कोई मुद्दा, बस गाली-गलौज की राजनीति बची है।

एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी या

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

भाषण में टोकने से उत्तेजित खड़गे बोले, "मोदी का बाप भी जाएगा"

पटना में कांग्रेस अध्यक्ष के भाषण के बीच एक युवक ने कहा, "मोदी नहीं जाएगा", इस पर खड़गे भड़क गए

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उस युवक की पिटाई की और उसे हॉल से बाहर कर दिया।

पटना, 25 अक्टूबर। एक विवादित वीडियो सामने आया है जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में संबोधन के दौरान पीएम मोदी के पिता पर विवादित बयान दिया है। खड़गे ने कहा कि "मोदी का बाप भी जाएगा"। खड़गे ने यह बयान उस वक्त दिया, जब एक शख्स उनकी स्पीच के बीच में बोल पड़ा कि "मोदी नहीं जाएगा"। इसके बाद खड़गे ने नाराज होते हुए कहा कि "मोदी का बाप भी जाएगा।"

खड़गे जब पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, उस वक्त भीड़ में से एक युवक ने कहा, "मोदी नहीं जाएगा।" इस पर खड़गे भड़क गए और उन्होंने कहा, "मोदी का बाप भी जाएगा।" खड़गे ने यह भी कहा कि मोदी की झूठ बोलने की आदत है।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने उस व्यक्ति की पिटाई की और उसे हॉल से हटा दिया, जिसने ये कहा था कि "मोदी नहीं जाएगा।" शख्स का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उसे धक्का देते हुए बाहर किया जा रहा है।

इससे पहले खड़गे ने बिहार के पहले सीएम कृष्ण सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृष्ण सिंह के समाज के लोग जमींदार थे, इसके वावजूद उन्होंने ने जमींदारी पद्धित को हटाने का काम किया। आजादी के बाद आरएसएस और दूसरी शक्तियां दंगा फैलाने में लगी थीं लेकिन कृष्ण सिंह ने मजबूती से उनका मुकाबला किया। जब तक इस देश में आरएसएस की आईडियोलॉजी खत्म नहीं होगी तब तक इस देश में शांति नहीं होगी, शांति को भंग करने वाले लोग यही हैं।

खड़गे ने कहा, "अभी भी विरोधी भावना के लोग बीजेपी आरएसएस में भरे हुए हैं। उत्तराखंड में आजादी के 80 साल बाद भी मंच का शुद्धिकरण किया गया। ये शुद्धिकरण करने वाले लोगों को भगाना है।"

पहलगाम में पारा शून्य से नीच पहुँचा

■ श्रीनगर में न्यूनतम तामान 2.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

श्रीनगर, 25 अक्टूबर। पहलगाम और गुलमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों पर इस मौसम का पहला शून्य से नीचे का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। यहां तापमान क्रमशः माइनस 0.3 डिग्री सेल्सियस और माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विभाग के अनुसार पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में यह माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि काजीगुंड में यह 0.0 डिग्री सेल्सियस रहा। कोकरनाग में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

प्रधानमंत्री ने ओडिशा में आरबीआई के डेटा सेंटर का उद्घाटन किया

भुवनेश्वर, 25 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ओडिशा के एक दिवसीय दौरे के दौरान खुर्दा जिले के जटनी स्थित इन्फो वैली-द्वितीय में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर का उद्घाटन किया।

इसके साथ ही साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ब्रजमोहन राम, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव प्रमुख उपस्थित थे।

करीब 169 करोड़ रुपये की लागत से 18.55 एकड़ भूमि पर इस डेटा सेंटर का निर्माण किया गया है। नवी मुंबई

■ यह रिज़र्व बैंक का देश में दूसरा डेटा सेंटर है।

के बाद यह आरबीआई का दूसरा डेटा सेंटर है। इसके शुरू होने से देश के डिजिटल वित्तीय ढ ांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इस डेटा सेंटर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) जैसे डिजिटल भुगतान माध्यमों से होने वाले लेनदेन से संबंधित सूचनाओं को सुरक्षित रखा जाएगा।

साइबर हमलों और तकनीकी गड़बड़ियों की स्थिति में भी बैंकिंग सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जामिया में छात्र आंदोलन तेज हुआ, वि.वि. प्रशासन ने सभी गेट बंद किए

परिसर में प्रवेश पर छात्रों व पुलिस में संघर्ष, भूख हड़ताल 13वें दिन भी जारी

■ भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के समर्थन में बड़ी संख्या में छात्र पहुँच रहे थे, पर सभी गेट बंद होने के कारण उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं मिला। भूख हड़ताली छात्रों ने प्रशासन पर बिजली-पानी नहीं देने का आरोप लगाया।

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर जारी आंदोलन और सुरक्षा के चलते ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने के फैसले का छात्रों ने बहिष्कार करने का एलान किया है। इस संबंध में जामिया कुलपति प्रो. मजहर आसिफ को पत्र लिखकर विरोध दर्ज कराया गया है। रविवार को जामिया के सभी गेटों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। परिसर में प्रवेश को लेकर सुरक्षाकर्मियों और छात्रों के बीच तनातनी देखने को मिली। दोपहर को गेट नंबर सात के बाहर हंगामा भी हुआ। इसके अलावा भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों ने प्रशासन पर पानी न देने और लाइट बंद करने का आरोप लगाया।

रविवार को जामिया के गेट नंबर चार और सात पर दिनभर तनातनी के माहौल के बीच बड़ी संख्या में छात्र भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के समर्थन में वहाँ पहुंच रहे थे। मगर, जामिया छात्रों के लिए बंद होने के चलते किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। प्रवेश के लिए छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच टकराव हुआ। छात्रों ने "दिल्ली पुलिस गो बैक" और मुर्दाबाद के नारे लगाए। गेट नंबर सात पर पहुंची छात्राओं को पुलिस ने जबरन हटाया। इस दौरान एक राजनीतिक दल का कार्यकर्ता भी समर्थकों के साथ पहुंचा। उसको भी सुरक्षाकर्मियों ने खदेड़ दिया। इस बीच पुलिस द्वारा छह-सात छात्रों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी भी सामने आई।

जामिया प्रशासन द्वारा सभी गेट बंद रखने के फैसले के कारण हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को भी आवाजाही में मुश्किल हुई। छात्राओं को प्रवेश पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। ज्ञातव्य है कि जामिया परिसर के बाहर सभी जगह सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। जिससे कोई भी अंदर दाखिल न हो सके। कैंटीन, लाइब्रेरी और सभी दरवाजों को बंद कर दिया गया है।

जामिया छात्रों ने जामिया कुलपति और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर को ईमेल के जरिए पत्र लिखकर ऑनलाइन कक्षाओं के बहिष्कार का एलान किया है। छात्रों ने सेंट्रल लाइब्रेरी, कैंटीन और विश्वविद्यालय के सभी गेट तत्काल खोलने की मांग की है। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रशासन के इस फैसले से उनके शैक्षिणक और लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित होते हैं। छात्रों का कहना है कि जब देश में कोई आपातकाल या लॉकडाउन नहीं है, तो परिसर की गतिविधियों पर इस तरह की रोक लगाना अनुचित है।

बता दें कि जामिया में 12 अक्तूबर से छात्रों की भूख हड़ताल जारी है। इस बीच 17 अक्तूबर को छात्रों को हटाने पर काफी बवाल हुआ था। 24 अक्तूबर को भी प्रशासन और छात्रों के बीच टकराव देखने को मिला था। भूख हड़ताल पर बैठे छात्र रेहान हैदर ने आरोप लगाया कि उनको पीने के लिए मिलना वाली पानी बंद कर दिया गया है। यहां तक कि लाइट भी बंद कर दी गई। लंबी भूख हड़ताल का असर छात्रों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। छात्र रेहान हैदर ने कहा कि जासिम का सात किलोग्राम, एबिन का छह किलोग्राम और रेहान पंवार का चार किलोग्राम और मेरा सात किलोग्राम वजन कम हो गया है।

इसरो के पास 2029 तक चार लॉन्च पैड होंगे

चेन्नई, 25 अक्टूबर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) देश के अंतरिक्ष अभियानों को एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हाल ही में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने गर्व के

■ इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह घोषणा की।

साथ घोषणा की कि वर्ष 2029 तक भारत के पास चार पूरी तरह से क्रियाशील लॉन्च पैड होंगे।

अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की बढ़ ती साख और वैश्विक मांग को पूरा करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के कुलासेकरपट्टिनम में 2,000 एकड़ में एक समर्पित स्माल सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) काम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है।

इस अत्याधुनिक स्पेसपोर्ट में एकीकरण भवन, लॉन्च पैड, रेल-ट्रैक सिस्टम और अत्याधुनिक टेलीमेट्री तथा कमांड सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

विचार बिन्दु

मन की प्रसन्नता से समस्त मानसिक और शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। –रामदास

प्रतिबद्धता भी, संवेदनशीलता भी

किसी कलाकार के साथ मंच पर घटित कोई अप्रिय घटना केवल उस कलाकार या कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहती। वह हमारे सामाजिक व्यवहार, हमारी अपेक्षाओं और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता के बारे में भी बहुत कुछ कह जाती है। हाल में उत्तराखंड के कुंजापुरी में लोकप्रिय पंजाबी गायक दलेर मेहंदी के साथ जो हुआ, वह इसी दृष्टि से विचारणीय है। दलेर मेहंदी अपनी प्रस्तुति दे रहे थे कि राज्य के एक मंत्री मंच पर आ गए। उन्होंने गायक के प्रदर्शन पर आपत्ति जताई और उन पर नशे में होने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि दर्शक दलेर मेहंदी को सुनने आए हैं, लेकिन वे ठीक से गा नहीं पा रहे हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ और देखते-देखते यह प्रसंग बहस का विषय बन गया।

इस पूरे प्रसंग में मुझे दो बातें महत्त्वपूर्ण लगती हैं। पहली, कलाकार की अपनी प्रतिबद्धता और नैतिक जिम्मेदारी। दूसरी, कलाकार के प्रति समाज, विशेषकर प्रभावशाली व्यक्तियों के व्यवहार में अपेक्षित मानवीय संवेदनशीलता और शालीनता।

किसी कार्यक्रम का निमंत्रण स्वीकार करना केवल पारिश्रमिक के बदले अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का मामला नहीं है। कलाकार जब किसी आयोजन में आने का वचन देता है, तो उसके साथ अनेक अपेक्षाएँ जुड़ जाती हैं। आयोजक उसकी व्यवस्था पर धन खर्च करते हैं, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। दर्शक अपना समय निकालते हैं। कई बार दूर-दूर से लोग किसी प्रिय कलाकार को देखने-सुनने आते हैं। उनके लिए वह प्रस्तुति केवल मनोरंजन नहीं, एक भावनात्मक अनुभव भी होती है।

ऐसी स्थिति में कलाकार का दायित्व है कि वह अपनी कला को गंभीरता से ले। यदि स्वास्थ्य अथवा किसी अन्य अपरिहार्य कारण से वह अपेक्षित प्रस्तुति नहीं दे पाएगा, तो उसे आयोजकों को समय रहते इसकी सूचना देनी चाहिए। जरूरत हो तो उनसे संवाद करके कार्यक्रम स्थगित करने या रद्द करने का कठिन निर्णय भी लेना चाहिए। केवल इसलिए मंच पर पहुँच जाना कि वचन दिया जा चुका है, तर्कसंगत नहीं है। वचन निभाने की इच्छा के साथ उसे निभा पाने की क्षमता का आकलन भी जरूरी है।लोकप्रियता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। यदि दलेर मेहंदी की प्रस्तुति अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं थी, तो इस पर सवाल उठाना ग़लत नहीं था। आयोजकों और दर्शकों को यह जानने का अधिकार है कि ऐसा क्यों हुआ। यह बात मंचीय कलाकारों के साथ ही अन्य प्रस्तोताओं पर भी लागू होती है। साहित्य की दुनिया में अक्सर ऐसा होता है कि किसी किताब पर चर्चा के लिए आमंत्रित विशिष्ट वक्ता उसे पढ़े बिना पहुँच जाते हैं और अनर्गल बोलने लगते हैं। यदि तैयारी नहीं है, तो निमंत्रण स्वीकार नहीं करना चाहिए। कोई अपरिहार्य स्थिति आ जाए, तो आयोजकों को विश्वास में लेकर उचित निर्णय करना चाहिए।

अब दूसरी बात। हम अक्सर कलाकार की लोकप्रियता और प्रचारित छवि से इतने अभिभूत रहते हैं कि उसे एक मनुष्य के बजाय उसकी कला के प्रदर्शन का माध्यम मात्र मानने लगते हैं। हमारी अपेक्षा होती है कि वह हर बार वैसा ही गाए, अभिनय करे या प्रस्तुति दे, जैसी हमने उससे पहले देखी-सुनी है। हम भूल जाते हैं कि कलाकार भी उम्र, थकान और बीमारी से प्रभावित होता है। उसकी शारीरिक क्षमताएँ बदल सकती हैं और कभी-कभी वह अपनी कला के सर्वोत्तम प्रदर्शन की स्थिति में नहीं होता।

इसका अर्थ यह नहीं कि दर्शक उसकी हर कमी को सहज ही स्वीकार कर लिया करे। लेकिन क्या हम असंतुष्टि व्यक्त करते समय उसकी परिस्थितियों को जानने की कोशिश कर सकते हैं? किसी कलाकार की आवाज लड़खड़ाने या उसका प्रदर्शन कमजोर होने के अनेक कारण हो सकते हैं। केवल इन संकेतों के आधार पर उसके नशे में होने का निष्कर्ष निकाल लेना उचित नहीं है। दलेर मेहंदी के मामले में भी इस आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें नजदीक से जानने वालों ने यह कहा है कि वे शराब पीते ही नहीं हैं। इसलिए इस आरोप को प्रमाणित तथ्य की तरह नहीं, अपुष्ट आरोप के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

इस प्रसंग में मंत्री का व्यवहार भी विचारणीय है। किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में कलाकार अपेक्षित प्रदर्शन न कर रहा हो या दर्शक असंतुष्ट हों, तो आयोजकों अथवा उनके प्रतिनिधियों को हस्तक्षेप करने का अधिकार है। लेकिन हस्तक्षेप का तरीका भी महत्व रखता है। यदि प्रस्तुति में कमी थी, तो कलाकार से बात की जा सकती थी, स्पष्टीकरण माँगा जा सकता था और अनुबंध के अनुसार कार्रवाई की जा सकती थी। किसी कलाकार को मंच पर सबके सामने रोकना और उस पर गंभीर आरोप लगाना क्या समस्या का सबसे उपयुक्त समाधान था? सोचिए, किसी राजनेता के भाषण के समय कोई नागरिक मंच पर जाकर ऐसा ही व्यवहार करेतो क्या उसे उचित माना जाएगा?

इस समस्या का एक नया पहलू सोशल मीडिया भी है। किसी घटना का छोटा-सा वीडियो सामने आता है और तत्काल फैसले सुनाए जाने लगते हैं। वीडियो में जो दिखाई देता है, उसे ही पूरी घटना मान लिया जाता है। उसके पहले और बाद में क्या हुआ, संबंधित व्यक्तियों की परिस्थितियाँ क्या थीं और आरोपों के समर्थन में क्या प्रमाण हैं, इन सवालों के लिए बहुत कम धैर्य बचा है।

यहाँ प्रश्न किसी मंत्री विशेष का बचाव करने या किसी कलाकार को निर्दोष घोषित करने का नहीं है। प्रश्न सार्वजनिक जीवन की उस मर्यादा का है, जिसमें असहमति और आलोचना के लिए पूरा स्थान हो, लेकिन अपमान और अपुष्ट आरोपों के लिए नहीं। यह जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है जब बोलने वाला कोई मंत्री, अधिकारी या अन्य प्रभावशाली व्यक्ति हो। उसके शब्दों को लोग अधिक गंभीरता से लेते हैं और उसका आरोप किसी की वर्षों की अर्जित प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्नलगा सकता है। इसलिए गंभीर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पुष्टि और अपनी बात कहने के तरीके में संयम जरूरी है।

कलाकार के प्रति मेरे मन में सहज ही एक विशेष संवेदना रहती है। इसका कारण केवल यह नहीं कि वे हमारे जीवन में मनोरंजन और आनंद के क्षण लाते हैं। कला का योगदान इससे कहीं व्यापक है। कोई गायक हमारे जीवन की स्मृतियों का हिस्सा बन जाता है। कोई कवि ऐसे शब्द देता है जिनमें हम अपने सुख-दुख पहचानते हैं। कोई अभिनेता किसी चरित्र के माध्यम से हमें अपने समय और समाज को नए ढंग से देखने की दृष्टि देता है। कलाकार और समाज के बीच का रिश्ता केवल लेन-देन का नहीं होता। कलाकार अपनी साधना से समाज को कुछ देता है और समाज उसे स्नेह, सम्मान तथा स्वीकृति देता है। यह रिश्ता कलाकार को जवाबदेही से मुक्त नहीं करता, लेकिन उसकी मानवीय गरिमा की रक्षा की अपेक्षा जरूर करता है। दलेर मेहंदी के गीतों पर वर्षों तक लोग झूमते रहे हैं, उत्सव मनाते रहे हैं। यदि किसी प्रस्तुति में कमी रही, तो उसकी आलोचना होनी चाहिए, लेकिन उस कमी को कलाकार के समूचे व्यक्तित्व और योगदान का पर्याय बना देना न्यायसंगत नहीं होगा। यही बात साहित्यकारों, रंगकर्मियों, चित्रकारों और दूसरे कलाकारों पर भी लागू होती है। असहमति का अर्थ अवमानना नहीं है।

इस समस्या का एक नया पहलू सोशल मीडिया भी है। किसी घटना का छोटा-सा वीडियो सामने आता है और तत्काल फैसले सुनाए जाने लगते हैं। वीडियो में जो दिखाई देता है, उसे ही पूरी घटना मान लिया जाता है। उसके पहले और बाद में क्या हुआ, संबंधित व्यक्तियों की परिस्थितियाँ क्या थीं और आरोपों के समर्थन में क्या प्रमाण हैं, इन सवालों के लिए बहुत कम धैर्य बचा है। आरोप को प्रमाण और प्रतिक्रिया को निर्णय समझ लिया जाता है। कुछ ही घंटों में किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को लेकर ऐसी धारणाएँ बना दी जाती हैं जिन्हें बदलना कठिन होता है।

दलेर मेहंदी के प्रसंग में भी उनकी प्रस्तुति, स्वास्थ्य और कार्यक्रम स्वीकार करने की परिस्थितियों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन नशे में होने जैसे गंभीर आरोप को प्रमाण के बिना सच मान लेना उचित नहीं होगा। निष्पक्षता का तकाजा यह भी है कि उनके समर्थन में सामने आने वाली बातों को केवल इसलिए अंतिम प्रमाण न मान लिया जाए कि वे उनके पक्ष में हैं। सभी दावों को उपलब्ध तथ्यों की कसौटी पर परखना जरूरी है।

इस पूरे प्रसंग का सबक यही है कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा नहीं किया जाना चाहिए। कलाकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने वचन का सम्मान करे, अपनी क्षमता का आकलन करे और दर्शकों के विश्वास को हल्के में न ले। आयोजकों की जिम्मेदारी है कि वे कार्यक्रम की गुणवत्ता और अनुबंध का ध्यान रखें। समाज और उसके प्रभावशाली व्यक्तियों की जिम्मेदारी है कि शिकायत करते समय प्रमाण, भाषा और व्यवहार की मर्यादा बनाए रखें।कलाकार से जवाब माँगिए, लेकिन उसकी गरिमा की कीमत पर नहीं। उसकी चूक पर सवाल उठाइए, लेकिन उसके योगदान को विस्मृत करके नहीं। किसी कलाकार का सम्मान करने का अर्थ उसकी हर चूक को क्षमा कर देना नहीं है। इसका अर्थ है कि उसकी चूक पर भी उसी न्यायबुद्धि, संयम और मानवीय संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाए जिसकी अपेक्षा हम अपने लिए करते हैं।

प्रतिबद्धता कलाकार की भी जरूरी है और संवेदनशीलता समाज की भी। एक सभ्य समाज में इन दोनों में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

क्या यह सही है कि पश्चिम से कोई आंधी उठी है जो भारत की संस्कृति, लोकतंत्र के लिए खतरा है या महज एक राजनीतिक सहूलियत का बयान

महावीर सिंह

हाल ही में कई प्रमुख लोगों के बयान आए है जिनका लेबोलबाब अर्थ है कि पश्चिमी सभ्यता भारतीय युवाओं को भड़का रही है। अगर पश्चिमी सभ्यता से इतनी नफरत है, तो पश्चिम से निकले लोकतांत्रिक अधिकारों का लाभ क्यों उठाते हैं?जब पश्चिम से आई तकनीक चाहिए तो आधुनिकता, जब पश्चिम से प्रेरित संसदीय व्यवस्था चाहिए तो लोकतंत्र, लेकिन जब युवा सरकार से सवाल पूछने लगें तो पश्चिमी सभ्यता का दुष्प्रभाव, यह कैसी वैचारिक ईमानदारी है?

अभी हाल ही में संघ के विजयादशमी के संबोधन में पश्चिम से आने वाली एक ऐसी आंधी की बात कही गई जो शेष दुनिया की संस्कृतियों और व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा रही है। इसी मंच से फ्रांस, नेपाल और बांग्लादेश के आंदोलनों का उल्लेख करते हुए सत्ता परिवर्तन की राजनीति पर भी सवाल उठाए।

इन दिनों आए इस प्रकार के अस्पष्ट भाषणों बयानों से कुछ ऐतिहासिक और संवैधानिक सवाल पैदा हुए हैं। सबसे पहला सवाल, क्या सरकार के खिलाफ आवाज उठाना पश्चिमी सभ्यता का दुष्प्रभाव है या एक जागरूक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार ?? जिस लोकतंत्र में आज राजनीतिक दल चुनाव लड़ते है, जिस संसदीय व्यवस्था के माध्यम से वर्तमान में 12 साल से अधिक समय से वर्तमान प्रधानमंत्री हैं, जिस संविधान के अंतर्गत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद अपने पदों पर बैठते हैं, उस आधुनिक संवैधानिक व्यवस्था के विकास में पश्चिमी राजनीतिक चिंतन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब अगर वोट चोरी कराले, करदे तो वो अलग बात है।

भारत की संसदीय प्रणाली पर ब्रिटेन का प्रभाव है। मौलिक अधिकारों की संवैधानिक संरचना पर अमेरिकी अनुभव का प्रभाव है। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे आदर्शों को फ्रांसीसी क्रांति ने विश्वव्यापी राजनीतिक शक्ति प्रदान की। भारत ने इन विचारों की नकल भर नहीं की। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारतीय स्वतंत्रता संग्रेाम, सामाजिक सुधार आंदोलनों, भारतीय चिंतन और दुनिया के विभिन्न संवैधानिक अनुभवों को मिलाकर अपना स्वतंत्र लोकतांत्रिक संविधान बनाया।

सवाल यह है कि जब दुनिया से सीखकर बनी व्यवस्था के माध्यम से सत्ता हासिल करना स्वीकार्य है, तो उसी व्यवस्था में जनता का विरोध आपको संदिग्ध क्यों लगने लगता है ??पश्चिम से विकसित आधुनिक तकनीक स्वीकार है। पश्चिमी देशों के साथ व्यापार स्वीकार है। पश्चिम से प्रभावित संसदीय लोकतंत्र स्वीकार है। चुनावी व्यवस्था स्वीकार है।

आधुनिक संचार माध्यम स्वीकार हैं। तो फिर, जब उसी लोकतंत्र में कोई छात्र अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरता है, कोई बेरोजगार रोजगार मांगता है, कोई किसान अपनी फसल का उचित मूल्य मांगता है, या कोई नागरिक सरकार की नीतियों का विरोध करता है, तो उसके आंदोलन के पीछे पश्चिमी प्रभाव तलाशने की जरूरत क्यों पड़ती है ?? यह तो संस्कृति की रक्षा है या राजनीतिक सुविधा के अनुसार सिद्धांत बदलने की कला जी कही जाएगी ??

इतिहास का एक पन्ना पलटिए..

जब महात्मा गांधी अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन चला रहे थे, क्या वह भारत को अस्थिर करने का प्रयास था ?? जब 1930 में गांधी जी ने दांडी मार्च किया, क्या वह कानून और व्यवस्था को चुनौती नहीं थी ??

जब 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन हुआ, क्या उस समय अंग्रेजी हुकूमत ने आंदोलनकारियों को अपनी सत्ता के लिए खतरा नहीं माना था। हां ये भी है कि आज कुछ बड़े दिखने वाले नामचीन संगठन उस समय अंग्रेजों के साथ थे।

अंग्रेज भी यही चाहते थे कि भारतीय शांत रहें, व्यवस्था चलती रहे और उनके शासन को चुनौती न मिले। लेकिन इतिहास ने हमें सिखाया कि किसी सरकार की स्थिरता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण जनता की स्वतंत्रता और न्याय है। भारत में विरोध की परंपरा कोई पश्चिम से आयातित वस्तु नहीं है। इस देश में बुद्ध ने स्थापित मान्यताओं को चुनौती दी। कबीर ने धार्मिक पाखंड पर सवाल उठाए। ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक अन्याय तथा शिक्षा पर एकाधिकार को चुनौती दी। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जातिगत उत्पीड़न और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। भगत सिंह ने केवल अंग्रेजी शासन का विरोध नहीं किया, बल्कि शोषणमुक्त समाज का सपना देखा।

भारत की महानता इस बात में नहीं है कि यहां कभी विरोध नहीं हुआ। भारत की महानता इस बात में है कि यहां विरोध, तर्क, असहमति और परिवर्तन की लंबी परंपरा रही है। जब वर्तमान शासक दल भाजपा विपक्ष में थी, तब महंगाई के खिलाफ आंदोलन होते थे। भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन होते थे। सरकार से इस्तीफा मांगा जाता था। सड़कों पर उतरकर सत्ता से सवाल पूछे जाते थे। शायद तब, आंदोलन लोकतंत्र की ताकत हुआ करते थे।

लेकिन आज यदि युवा रोजगार, परीक्षा की पारदर्शिता, चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता या नागरिक अधिकारों को लेकर आंदोलन करते हैं, तो उन आंदोलनों के पीछे विदेशी प्रभाव या राजनीतिक षड्यंत्र की आशंका क्यों जताई जाती है ?? क्या आंदोलन की नैतिकता इस बात से तय होगी कि आंदोलन किस सरकार के खिलाफ हो रहा है ?? कभी जनता द्वारा विरोध जनजागरण, लेकिन जब विरोध सरकार का हो तो विदेशी प्रभाव ?? जब सत्ता परिवर्तन से किसी दल को लाभ हो तो लोकतंत्र की विजय, लेकिन जब सत्ता परिवर्तन की मांग सत्तासीनों के विरुद्ध उठे तो व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास ?? इसे मापदंड कहा जाएगा।

संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और अनुच्छेद 19(1)(बी) शांतिपूर्ण तथा बिना हथियार एकत्र होने का अधिकार देता है। इन अधिकारों पर संवैधानिक रूप से उचित प्रतिबंध संभव हैं, लेकिन सरकार से असहमति अपने आप में कोई अपराध नहीं है। संविधान ने नागरिकों को केवल पांच साल में एक बार वोट डालने का अधिकार देकर चुप रहने का आदेश नहीं दिया। लोकतंत्र का अर्थ है कि जनता चुनाव के बीच भी सवाल पूछ सकती है, आलोचना कर सकती है और शांतिपूर्ण विरोध कर सकती है।

एक दिलचस्प ऐतिहासिक तथ्य भी समझिए। भारत की संविधान सभा में अनेक ऐसे सदस्य थे जिन्होंने दुनिया के संविधानों का अध्ययन किया। डॉ. आंबेडकर स्वयं उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका और ब्रिटेन गए थे। उन्होंने आधुनिक संवैधानिक विचारों का गंभीर अध्ययन किया और भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उनका उपयोग किया। क्या हम डॉ. आंबेडकर की संवैधानिक दृष्टि को इसलिए खारिज कर देंगे कि उन्होंने पश्चिमी राजनीतिक विचारों का भी अध्ययन किया था ??

विचारों की महानता उनकी भौगोलिक उत्पत्ति से नहीं, उनकी उपयोगिता और मानवीय मूल्यों से तय होती है। कोई विचार पश्चिम से आया है, इसलिए वह गलत नहीं हो जाता और कोई विचार भारत का है, इसलिए वह आलोचना से ऊपर नहीं हो जाता।यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। यही बौद्धिक ईमानदारी है। पश्चिमी प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई है। पश्चिमी देशों की नीतियों, उपभोक्तावाद, साम्राज्यवाद या सांस्कृतिक वर्चस्व की आलोचना करना बिल्कुल उचित है। हर कोई जनता है कि पश्चिम की हर चीज अनुकरणीय नहीं है किंतु पश्चिमी वर्चस्व का विरोध और लोकतांत्रिक असहमति को विदेशी प्रभाव से जोड़ना दो अलग बातें हैं। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए, लेकिन पश्चिम से विकसित अच्छे विचारों को केवल इसलिए ठुकराना भी नहीं चाहिए कि वे पश्चिम से आए हैं।

और सबसे बड़ी बात..

भारतीय युवाओं को सवाल पूछने के लिए किसी विदेशी सभ्यता से प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता नहीं है।

जब उसका पेपर लीक होता है, तो उसका गुस्सा भारतीय होता है।

जब उसे नौकरी नहीं मिलती, तो उसकी परेशानी भारतीय होती है।

जब किसान अपनी उपज का मूल्य मांगता है, तो उसका संघर्ष भारतीय होता है। जब कोई नागरिक सत्ता से जवाब मांगता है, तो उसका अधिकार भारतीय संविधान से आता है।

हर विरोध के पीछे विदेशी हाथ तलाशने के बजाय कभी उन परिस्थितियों को भी देखिए जो नागरिकों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर करती हैं। भारत कोई ऐसी प्रयोगशाला नहीं है जहां लोकतंत्र के अधिकार केवल सत्ता के समर्थकों को मिलें और विरोधियों के हिस्से में उपदेश आएं। यह गांधी का भारत है, भगत सिंह का भारत है, फुले का भारत है, पेरियार का भारत है और डॉ. आंबेडकर के संविधान से संचालित भारत है।

यहां सरकारें जनता से बनती हैं। जनता सरकारों से नहीं बनती।

यहां प्रधानमंत्री संवैधानिक पद है, कोई राजा का सिंहासन नहीं।

यहां सत्ता की आलोचना राष्ट्र का अपमान नहीं है।

यहां सरकार बदलने की शांतिपूर्ण और संवैधानिक मांग लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा है।

और सबसे महत्वपूर्ण बात..

सरकार के खिलाफ होना, देश के खिलाफ होना नहीं है।

उन लोगों से एक सवाल है जो हर असहमति को संदेह की नजर से देखते हैं। यदि लोकतंत्र आपको सत्ता तक पहुंचाने का माध्यम है, तो वही लोकतंत्र जनता को आपकी सत्ता से सवाल पूछने का अधिकार भी देता है। आप लोकतंत्र के लाभ तो स्वीकार करें, लेकिन उसकी असहमति से असहज हो जाएं, यह कैसे चलेगा?? लोकतंत्र कोई ऐसी थाली नहीं है जिसमें आप अपनी पसंद के अधिकार चुन लें और बाकी अधिकारों को पश्चिमी सभ्यता का दुष्प्रभाव बताकर बाहर फेंक दे। भारत के युवाओं को पश्चिमी सभ्यता से बचाने से पहले उन्हें बेरोजगारी, अन्याय, भ्रष्टाचार और अवसरों की असमानता से बचाने पर चर्चा कीजिए। क्योंकि एक सवाल पूछने वाला युवा लोकतंत्र के लिए खतरा नहीं है। लोकतंत्र के लिए खतरा तब पैदा होता है, जब सत्ता सवालों से डरने लगती है।

और इतिहास गवाह है..

जिस दिन किसी देश का युवा सवाल पूछना बंद कर देता है, उस दिन लोकतंत्र कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए युवाओं को सवाल पूछने दीजिए। उन्हें असहमत होने दीजिए। उन्हें शांतिपूर्ण विरोध करने दीजिए। क्योंकि लोकतंत्र में सरकार की जय-जयकार करना अनिवार्य नहीं, लेकिन संविधान का सम्मान करना अनिवार्य है।

–महावीर सिंह,
पूर्व आईएएस एवं एक किसान, महावीर सिंह फौजदार,
अध्यक्ष जाट महासभा अजमेर)

अर्बन नक्सल विमर्श, सत्ता परिवर्तन और भारतीय संविधान

सूर्यप्रताप सिंह राजावत

भारतीय संविधान की उद्देशिका के प्रथम शब्द हैं-हम, भारत के लोग। ये शब्द भारत की संवैधानिक संप्रभुता के मूल आधार को अभिव्यक्त करते हैं। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित तथा 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ हमारा संविधान केवल शासन चलाने का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता, लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और विधि के शासन का आधार है। लेकिन एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है: क्या हम, भारत के लोग का अर्थ यह है कि कोई भी व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक समूह अपनी इच्छानुसार सत्ता परिवर्तन के लिए संवैधानिक संस्थाओं को दरकिनार कर सकता है? क्या लोकप्रिय समर्थन का दावा करके निर्वाचित सरकार को हटाने के लिए किसी भी प्रकार के साधनों को उचित ठहराया जा सकता है? इन प्रश्नों पर गंभीर संवैधानिक विमर्श आवश्यक है।

सत्ता परिवर्तन: लोकतांत्रिक अधिकार या संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती? -अक्टूबर 2026 में निर्वाचन आयोग और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विवादों के बीच सत्ता परिवर्तन की माँग सार्वजनिक विमर्श का विषय बनी। 15 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि वे सत्ता परिवर्तन चाहते हैं और इसे नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार बताया। इसी संवाददाता सम्मेलन में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा तथा कॉकरोचजनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके भी उपस्थित थे। नेहा बोरा ने बांग्लादेश के Gen Z आंदोलन का उल्लेख करते हुए उसे भारत के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

'अर्बन नक्सल' मानसिकता और वैचारिक प्रश्न-'अर्बन नक्सल' अथवा 'अर्बन नक्सल मानसिकता' जैसे शब्द भारतीय राजनीतिक विमर्श में प्राय: उन व्यक्तियों या समूहों के संदर्भ में इस्तेमाल किए जाते हैं जिन पर माओवादी विचारधारा अथवा नक्सली आंदोलन के प्रति सहानुभूति रखने का आरोप लगाया जाता है जो सत्ता परिवर्तन में हिंसा को वैध मानते हैं अक्टूबर 2026 में सत्ता परिवर्तन संबंधी बयानों के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि संबंधित विरोध प्रदर्शनों के पीछे केवल चुनाव सुधारों का प्रश्न नहीं, बल्कि सरकार को अस्थिर करने और सत्ता परिवर्तन का व्यापक उद्देश्य भी हो सकता है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने इस राजनीतिक अभियान को कथित 'अर्बन नक्सल' एजेंडे से जोड़ते हुए आलोचना की। फ्रांस में हालिया विरोध-प्रदर्शनों, बांग्लादेश में 2024 के जनांदोलन और नेपाल में 2025 के आंदोलन ने दिखाया है कि जन-असंतोष किस प्रकार हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल में बदल सकता है। भारत में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों के बीच वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा सत्ता परिवर्तन की माँग और ँघ्ँ की अध्यक्ष नेहा बोरा द्वारा बांग्लादेश आंदोलन का उल्लेख राजनीतिक बहस का विषय बना है। कांग्रेस नेता पवनखेड़ा ने भी सत्ता परिवर्तन की बात कही है। भारत की संप्रभुता की रक्षा संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और विधि के शासन के सम्मान में निहित है। फिर भी यह विमर्श एक व्यापक संवैधानिक प्रश्न अवश्य उठाता है: क्या किसी राजनीतिक आंदोलन के नाम पर ऐसी विचारधारा अथवा रणनीति को वैधता दी जा सकती है जो लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करके राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने का समर्थन करती हो? यदि किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा सशस्त्र विद्रोह, हिंसक उथल-पुथल अथवा बलपूर्वक सरकार गिराने की वकालत की जाती है, तो उसके आचरण का परीक्षण संविधान और लागू कानूनों के अनुसार होना चाहिए।

सशस्त्र विद्रोह का संवैधानिक संप्रभुता में कोई स्थान नहीं-भारतीय लोकतंत्र का आधार यह है कि राजनीतिक सत्ता संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राप्त की जाती है। संसद और राज्य विधानमंडलों का गठन चुनावों से होता है। सरकारें संवैधानिक नियमों के अनुसार कार्य करती हैं और न्यायपालिका कानूनों तथा सरकारी कार्यों की न्यायिक समीक्षा कर सकती है। सशस्त्र विद्रोह और हिंसक साधनों से सत्ता प्राप्त करने का प्रयास इस संवैधानिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों से असंगत है। संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक समूह को यह अधिकार नहीं है कि वह अपनी वैचारिक श्रेष्ठता या कथित जनसमर्थन के आधार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्थान बल प्रयोग को दे दे।अत: यह सिद्धांत स्पष्ट होना चाहिए:संवैधानिक संप्रभुता के अंतर्गत सशस्त्र विद्रोह द्वारा सत्ता प्राप्त करने का कोई वैध स्थान नहीं है।

'हम, भारत के लोग' का वास्तविक अर्थ-संविधान की उद्देशिका जनता को संवैधानिक व्यवस्था का मूल स्त्रोत स्वीकार करती है। इसका अर्थ यह नहीं कि प्रत्येक नागरिक या संगठन को असीमित संप्रभु शक्ति प्राप्त है। जनता की संप्रभुता संविधान द्वारा स्थापित संस्थाओं, अधिकारों, कर्तव्यों और प्रक्रियाओं के माध्यम से अभिव्यक्त होती है।डॉ. बी. आर. आंबेडकर ने 4 नवंबर 1948 को संविधान सभा में संवैधानिक नैतिकता के महत्त्व पर बल दिया था।

लोकतांत्रिक असहमति और संवैधानिक मर्यादा-भारत में राजनीतिक परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हैं। यदि किसी राजनीतिक दल या नागरिक समूह को सरकार की नीतियों, निर्वाचन प्रक्रिया या संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज पर आपत्ति है, तो उसे शांतिपूर्ण विरोध, न्यायिक उपचार, सार्वजनिक विमर्श और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सहारा लेना चाहिए। जब निर्वाचन आयोग से संबंधित कोई विवाद सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हो, तब संवैधानिक नैतिकता यह अपेक्षा करती है कि सभी राजनीतिक दल न्यायपालिका में विश्वास बनाए रखें और न्यायिक प्रक्रिया के परिणाम की प्रतीक्षा करें। न्यायालय में लंबित विषयों पर जनमत को प्रभावित करने के उद्देश्य से चलाए जाने वाले मीडिया ट्रायल तथा अप्रमाणित आरोप संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर अनावश्यक प्रश्न खड़े कर सकते हैं। लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार महत्त्वपूर्ण है, किंतु उसके साथ संस्थागत मर्यादा और जिम्मेदारी भी आवश्यक है। न्यायपालिका में आस्था, तथ्यों पर आधारित विमर्श और न्यायिक प्रक्रिया के प्रति संयम ही संवैधानिक लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी हैं।भारत की संवैधानिक संप्रभुता किसी एक राजनीतिक दल, सरकार, विपक्ष, संगठन या विचारधारा की संपत्ति नहीं है। यह उस संवैधानिक व्यवस्था में निहित है जिसे भारत के लोगों ने स्वीकार किया है। सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन उसका औचित्य और तरीका महत्त्वपूर्ण है। शांतिपूर्ण असहमति लोकतंत्र को मजबूत करती है; हिंसा और सशस्त्र विद्रोह उसकी संस्थागत नींव को चुनौती देते हैं। भारत में सरकारें बदल सकती हैं, नीतियाँ बदल सकती हैं और राजनीतिक विचारधाराएँ बदल सकती हैं; लेकिन सत्ता प्राप्त करने की प्रक्रिया संविधान के अधीन ही रहनी चाहिए। संवैधानिक संप्रभुता की रक्षा का अर्थ है-लोकतांत्रिक असहमति का सम्मान करना और साथ ही सशस्त्र विद्रोह द्वारा सत्ता प्राप्त करने की अवधारणा को अस्वीकार करना।मुझे इस संदर्भ में संविधान सभा में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा 25 नवंबर 1949 को दिए गए उनके ऐतिहासिक वक्तव्य के ये शब्द स्मरण हो आते हैं-यदि हम लोकतंत्र को केवल औपचारिक रूप में ही नहीं, बल्कि वास्तविक रूप में भी बनाए रखना चाहते हैं, तो हमें क्या करना चाहिए? मेरी दृष्टि में, सबसे पहले हमें अपने सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संवैधानिक तरीकों का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। इसका अर्थ है कि हमें क्रांति के रक्तरंजित तरीकों का परित्याग करना होगा।

–सूर्य प्रताप सिंह राजावत,
अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

सोमवार 26 अक्टूबर, 2026

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, सोमवार, विक्रम संवत-2083, अश्विनी नक्षत्र सायं 7:41 तक, वज्र योग दिन 2:17 तक, बव करण प्रात: 9:42 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति– सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज कुमार योग दिन 9:42 से सायं 5:41 तक है। आज सत्य व्रत, श्री वाल्मीकी

सार-समाचार

उदयपुर के सीपीएस स्कूल को दिल्ली में मिला स्कूल ऑफ द ईयर अवार्ड

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में शिक्षा के क्षेत्र में 38 वर्षों से कार्यरत सीपीएस स्कूल को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया रैंकिंग में स्कूल ऑफ द ईयर का सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026 में को-एड डे-कम-बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में देशभर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस श्रेणी में विद्यालय राजस्थान और उदयपुर में प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय को इसके साथ स्कूल ऑफ द ईयर सम्मान भी प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल (सीपीएस) विद्यालय चेयरपर्सन डॉ. अलका शर्मा ने यह सम्मान ठाहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय शैक्षिणक रैंकिंग में उदयपुर के एक शिक्षण संस्थान की उपस्थिति दर्ज हुई है।

उदयपुर में राज्य स्तरीय प्रेसीडेंट अवार्ड गाइड प्रमाण पत्र जांच शिविर

उदयपुर, (कासं)। भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में मंडल प्रशिक्षण केंद्र उदयनिवास में आयोजित राज्य स्तरीय प्रेसीडेंट अवार्ड गाइड प्रमाण पत्र जांच शिविर के दूसरे दिन स्काउटिंग की सच्ची भावना और साहसिक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। पाँच दिवसीय शिविर में अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक, जोधपुर, जालोर, पाली, उदयपुर, बाड़मेर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न जिलों से 161 गाइड्स स्काउटिंग के सवोच्च शिखर 'राष्ट्रपति अवार्ड' को पाने के लिए अपनी कला और निपुणता को परख रही हैं। सी ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि प्रात:कालीन वंदना और स्काउटिंग अनुशासन शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार ऊर्जावान बी.पी. व्यायाम से हुई। इसके उपरांत, पायनियरिंग और कैंप क्राफ्ट की भावना को परखने के लिए गाइड्स के टेंट, हट, लेआउट और उनकी संपूर्ण टर्नआउट यूनिफॉर्म का बारीकी से निरीक्षण किया गया। नागौर जिले की गाइड्स द्वारा पारंपरिक और गरिमापूर्ण ढंग से ध्वजारोहण किया गया। परीक्षक वंदना पांडे (उत्तर प्रदेश) के साथ अंजना भारतीय, निकिता यादव, रेखा शर्मा (सीओ गाइड, प्रतापगढ़), अंजना शर्मा, अंजलि चौहान एवं झिलमवती परीक्षण व मूल्यांकन के कार्यों में पूरा सहयोग दे रही हैं। वहीं सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनमोहन स्वर्णकार मंडल के नेतृत्व में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशाल गुप्ता शिविर के सफल, अनुशासित और सुचारू संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

बैठक आयोजित

उदयपुर, (कासं)। जैन सोशल ग्रुप भामाशाह की संचालक मंडल बैठक संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल डांगी की अध्यक्षता तथा जेएसजीआईएफ मेवाड़ रीजन के ज़ोन कोऑर्डिनेटर एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री देशबंधु जैन के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन ग्रुप अध्यक्ष ललित हिंगड़ द्वारा किया गया, जबकि संचालन सचिव श्री भूपेन्द्र जैन ने किया। बैठक का शुभारंभ णमोकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। ग्रुप अध्यक्ष श्री ललित हिंगड़ ने उपस्थित सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सचिव भूपेन्द्र जैन ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठक के एजेंडा बिंदुओं को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। नवंबर 2026 से मार्च 2027 तक आयोजित होने वाली मासिक बैठकों एवं विभिन्न सेवा गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

कपासन में दशहरा मेले का समापन

कपासन, (निसं)। नगर पालिका के पांच दिवसीय दशहरा मेले का समापन बीती रात स्टार नाइट के साथ हुआ। हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी ने हरियाणवी गानों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। हजारों दर्शक उनके मंच पर आते ही झूम उठे। सपना चौधरी ने तेरी आख्या का यो काजल और छमक छमक नाचूंगी जैसे लोकप्रिय गानों पर प्रस्तुति दी। युवाओं ने जमकर डांस किया। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी।नगर पालिका ने विशेष इंतजाम किए थे। डीएसपी हरीश भारतीय और थानाधिकारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में तीन थानों का पुलिस बल और बाउंसर सुरक्षा में तैनात थे। कोटा के महावीर ग्रुप ने सिर पर नौ गिलास और दो सिलेंडर पर मटकियां संतुलित कर भवई नृत्य किया। आरबीएम डांस ग्रुप गायक समीर और वंदना ने भी प्रस्तुति दी। पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी मुख्य अतिथि और अध्यक्षता सरोज बारेगामा ने की। विधायक अर्जुनलाल जीनगर, स्थानीय निकाय के डीडीआर विनोद चौधरी, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, एसडीएम राजेश सुवालका , तहसीलदार भंवर लाल सेन अतिथि थे। नपा उपाध्यक्ष नीतू ईनाणी सहित पार्षद ओर भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर निंमबाहेडा विधायक श्रीचन्द कृपलानी ने पालिका में भाजपा के बोर्ड बनाने पर बधाई दी और कपासन में विकास में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

भाजपा ने तीन बागी प्रत्याशियों को निलंबित किया

डूंगरपुर, (निसं)। पंचायतीराज चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने और अनुशासनहीनता के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने सख्त रुख अपनाया है। भाजपा भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए तीन कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन सूचना के अनुसार, जिला परिषद वार्ड संख्या 30 पुंजपुर (आसपुर) से विनोद जोशी, पंचायत समिति आसपुर के वार्ड संख्या 6 बनकोड़ा से राजेन्द्र सिंह रानावत तथा पंचायत समिति देवल खास के वार्ड संख्या 12 से भुरी देवी पाटीदार को निलंबित किया गया है।पार्टी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायतीराज चुनाव में दल के विरुद्ध जाकर निर्दलीय चुनाव लड़ने और अनुशासनहीनता प्रमाणित होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। तीनों कार्यकर्ताओं का निलंबन आदेश जारी होने की तिथि से प्रभावी होगा।

महावीर इंटरनेशनल का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर महावीर इंटरनेशनल के रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुआ। इस शिविर में भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति उदयपुर के तकनीकी सहायक दुर्गालाल सालवी और अमर चंद ने अपनी सेवाएँ दीं। इस दो दिवसीय शिविर में कुल 14 दिव्यांगों को सहायता एवं सेवा प्रदान की गई, जिसमें छ: दिव्यांगों को कृत्रिम पैर (जयपुर फुट) लगाए गए। चार दिव्यांगों को नए कैलीपर, तीन दिव्यांग को बैसाखी एवं दो दिव्यांगो को श्रवण यंत्र प्रदान कीये गये।

डूंगरपुर में सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने घर-घर पहुंच रही नगर परिषद की टीम

डूंगरपुर, (निसं)। सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कोई पात्र परिवार लाभ से वंचित नहीं रहे, इसके लिए नगर परिषद ने शहर में घर-घर संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। अभियान में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, सुकन्या समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्राथमिकता दी जा रही है।

सभापति सुशीला गुप्ता के निर्देश पर परिषद की टीम और वार्ड कर्मचारी वार्डवार सर्वे कर रहे हैं। टीम घरों तक पहुंचकर लोगों को चार प्रमुख योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों का

■ **सभापति सुशीला गुप्ता के निर्देश पर वार्डवार पात्र परिवारों की पहचान और पंजीयन जारी**

पंजीयन भी कर रही है। कई लोगों का योजनाओं में पंजीयन किया जा चुका है। चार दिन पहले ही सभापति ने बैठक लेकर सभी वार्ड कर्मचारियों और संबंधित टीम को योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए थे। अब इन निर्देशों के बाद अभियान को वार्डों में उतार दिया गया है। जल्द ही अलग-अलग वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन, पंजीयन और दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया में भी मदद दी जाएगी।

डूंगरपुर में वार्ड में सर्वे करती नगर परिषद की टीम।

स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं पूर्व सभापति केके गुप्ता के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं के साथ संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने पर जोर है। नगर परिषद का प्रयास है कि अभियान केवल प्रचार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी जोड़ा जाए। इसके लिए पार्षदों, वार्ड कर्मचारियों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

अभियान में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, सुकन्या समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्राथमिकता दी जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से छोटे कारोबारियों को ऋण, पात्र परिवारों को आवास सहायता, बेटियों के भविष्य के लिए बचत और घरेलू बिजली खर्च घटाने के लिए रूफटॉप सोलर की जानकारी दी जाएगी। सर्वे के दौरान टीम लोगों से उनकी जरूरत के अनुसार बातचीत कर रही है, ताकि संबंधित योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया समझाई जा सके।

भरत नागदा ने प्रचार किया

डूंगरपुर,(निसं)। विधानसभा प्रभारी एवं नगर परिषद डूंगरपुर के नेता प्रतिपक्ष भरत नागदा ने गामड़ी अहाड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में धुआँधार चुनाव प्रचार किया। इस दौरान विभिन्न गांवों में चुनावी सभाएं आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा कांठोस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

प्रचार अभियान के दौरान जिला परिषद प्रत्याशी अलखराम एवं रीना बरांडा सहित पंचायत समिति के विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क किया गया। इनमें भेहना से सुरता, चंदुलाल, रामपुर मेवाड़ा से आशा, पादरडी से ललिता बारिया, मेवाड़ा से रमेश, नारेली से बाबूलाल खराड़ी, गेसू का वांगा से संगीता बरांडा, वीरपुर से मनसुखलाल, वेड से रेखा कलासुआ, महिपालपुरा से मगनलाल, गलंदर से नगीनाराम, पांच महूडी से जिवली, धमलात फला से बंशीलाल, माड़ा से धूलेश्वर तथा गामड़ी अहाड़ा से भाविका डामोर शामिल हैं। भरत नागदा ने ग्रामीणों से संवाद करक्षेत्र के विकास, स्थानीय समस्याओं के समाधान व जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

भीण्डर पंचायत समिति की 32 ग्राम पंचायतों में सरपंचों के परिणाम घोषित

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर पंचायत समिति की 32 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के परिणाम जारी हो गये। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान के बाद मतगणना शुरू हो गई, लेकिन परिणाम देर रात्रि करीब 3 बजे तक जारी होते रहे। इसमें कई पंचायतों में वर्षों से जीतते आ रहे सरपंचों की बादशाहत धराशाही हुई तो कई सरपंचों ने अपना वर्चस्प कायम रखा। 32 ग्रामपंचायतों में सबसे बड़ी जीत हींता पंचायत से सरपंच प्रभुलाल सालवी की 1194 मतों से हुई तो सबसे कम पाणुंद पंचायत से सरपंच देवीलाल की महज 7 मतों से जीत हासिल की।

भीण्डर पंचायत समिति की पंचायतों में वोट के अंतर से जीतने वाले सरपंचों में हींता से प्रभुलाल सालवी 1194 वोट से, बग्गड़ से गुड्डी देवी 819 वोट, वाना से कुंता मेनारिया 748 मत, भोपाखेड़ा से हेमराज मीणा 819 वोट से, धारता से शकुंतला कुंवर 636 वोट से जीत हासिल की। सबसे कम वोट के अंतर से जीत हासिल करने में पाणुंद से देवी लाल मात्र 7 वोट से, वरणी से सोसर देवी गुर्जर 19 वोट से, खेड़ी से नारायणलाल 20 वोट से सारंगपुरा(भीण्डर) से राधा कुमारी 23 वोट से जीतने में कामयाब रहे।

भीण्डर की ग्रामपंचायत में आकोला पंचायत से ओमकुंवर 112 मत से, अमरपुरा जागीर से गोविंद सुथार 153 मत से, अमरपुरा खालसा से शारदा मीणा 287 मत से, बग्गड़ से गुड्डी देवी 821 मत से, बांसड़ा से रामी देवी जाट 235 मत से, बड़गांव से सुरेश डांगी 57 मत से, बरोड़िया से लाली कुंवर 327 मत से, भोपाखेड़ा से हेमराज मीणा 819 मत से, बोरतलाई से अनीता रावत 130 मत से, चारगदिया से अमरचंद जाट 221 मत से, धारता से शकुंतला कुंवर 636 मत से धावड़िया से प्रेम लाल मीणा 43 मत से, हींता से प्रभु लाल सालवी 1194 मत से, केदारिया से ईश्वर दास वैष्णव 80 मत से, खेड़ी से नारायण लाल 20 मत से, खेरोदा से राजेंद्र बोकड़िया 433 मत से, कुंडई से इंद्रा कुमारी मीणा 328 मत से, कुंथवास से प्रियंका टांक 502 मत से, लूणदा से प्रहलाद मेघवाल 374 मत से, मोतिदा से प्रकाशसिंह रावत 189 मत से, नांगलिया से पुष्पा कुमारी मीणा 241 मत से, नीमड़ी से अंबाबाई 280 मत से, पाणुंद से देवी लाल 7 मत से, पीथलपुरा से कंकू देवी 64 मत से, सालेड़ा से कमली देवी गुर्जर 380 मत से विजयी रहे।

इसी प्रकार सारंगपुरा(भीण्डर) से राधा कुमारी पाटीदार 23 मत से, सारंगपुरा (कानोड़) से शंकरी बाई 165 मत से, सवना से भगवती लाल मीणा 450 मत से, सिंहाड़ से वेलू बाई 74 मत से, वाना से कुंता मेनारिया 748 मत से, वाणियातलाई से वरजू बाई 53 मत से, वरणी से सोसर देवी गुर्जर 19 मत से विजय रहे।

भूखण्ड विवाद को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र में भूखण्ड पर कब्जा करने के विरोध को लेकर थाने पहुंचे अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर सोमवार को एसपी कार्यालय या मकान पर प्रदर्शन की चेतावनी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बार सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश जालोदिया रिश्तेदार के सविना स्थित भूखण्ड पर पहुचे। जहां भू कारोबारी कौशल आमेटा द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का एतराज करने थाने पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं की भीड़ भी जमा हो गई। इस दौरान सभी ने पुलिस नेभूमि कारोबारी कौशल आमेटा के खिलाफ पुलिस की मिली भगत से भूखण्ड कर जबरन कब्जा करने व निर्माण कार्य कराने का विरोध करने पर इट फैकने से अधिवक्ता के चोटिल होने के विरोध में प्रदर्शन किया तथा आरोपी कौशल के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपी कौशल आमेटा के खिलाफ भूखण्ड विवाद को लेकर चार से अधिक प्रकरण दर्ज होकर उसके खिलाफ चालान हो चुका है। पूर्व बार अध्यक्ष भरत जोशी, वर्तमान बार महासचिव अधिवक्त लोकेश गुर्जर सहित मौजूद अधिवक्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में अधिवक्ताओं के साथ हुए ऐसे व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मौके की परिस्थित से पुलिस एवं आरोपी के बीच किसी न किसी प्रकार की मिली भगत की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाही नहीं होने पर सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय या उनके निवास पर प्रदर्शन की घोषणा की। अधिवक्ताओं नेथाने के सीसीटीवी केमरे एवं आरोपी व पुलिस कर्मियों की कॉल डिटेल से खुलासा होने की संभावना जताते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की।

परतापुर में भारत को जानो प्रतियोगिता

बांसवाड़ा, (निसं)। भारत विकास परिषद परतापुर की ओर से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, इतिहास, परंपराओं एवं राष्ट्रीय गौरव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से न्यू लुक सेंट्रल स्कूल परतापुर में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कनिष्ठ वर्ग में सर्वज्ञ, काम्य तथा कैन्वी जैन एवं वरिष्ठ वर्ग में महत्व मेहता, मानवी आचार्य तथा यशस्विनी राठौर को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रमाण-पत्र एवं बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी एवं सीडीएफटी एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 'नवाचार, प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप एवं सतत विकास - खाद्य एवं डेयरी उद्योग का अगला दशक' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए 'ड्रीम बॉक्स 2.0' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डेयरी एवं खाद्य उद्योग में उभरती तकनीकों, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, स्टार्ट-अप, स्वरोजगार तथा करियर की संभावनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। इस आयोजन ने शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, उद्यमियों, वर्तमान विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों को साझा मंच पर लाकर ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान किया।

उदयपुर में कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हुआ।

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के तकनीकी सत्रों में अनिल बयाटी, मनोज पारीक, धीरज चौधरी, अनिल अग्रवाल, ए. के. त्रिपाठी, एस. पी. सिंह, सुनीत व्यास एवं नरोत्तम लाल धूपिया ने अपने अनुभवों और विशेषज्ञता के माध्यम से डेयरी एवं खाद्य उद्योग के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उद्यमिता विकास, अनुसंधान एवं विकास, उत्पाद नवाचार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग, गुणवत्ता सुधार तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नए उत्पादों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण 'ड्रीम बॉक्स 2.0' रहा, जिसे विद्यार्थियों के लिए मेंटरिंग, करियर मार्गदर्शन और उद्यमिता संबंधी विचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस पहल के अंतर्गत सुशील वैष्णव, संदीप कुमार, पवन जैन; डॉ. महेंद्र कुमार; लव चौहान तथा कुमार शानू ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। 'ड्रीम बॉक्स 2.0' के संवादात्मक सत्रों में विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक एवं नवाचार आधारित विचार प्रस्तुत करने, विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने और उन विचारों को व्यावहारिक परियोजनाओं तथा संभावित स्टार्ट-अप में परिवर्तित करने के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला।सीडीएफटी एलुमनी एसोसिएशन के महासचिव निर्भय गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन के बाद कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी, उदयपुर की एल्युमिनी एसोसिएशन के चुनाव संपन्न महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (एमपीयूएटी), उदयपुर से संबद्ध कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी (सीडीएफटी) की एल्युमिनी एसोसिएशन के चुनाव दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

सार-समाचार

सागवाड़ा विधायक का बेटा जीता, सांसद रोत के चाचा हारे

डूंगरपुर, (निसं)। जिले की सात पंचायत समितियों झोथरी, सीमलवाड़ा, भंडारी, चिखली, गलियाकोट, सागवाड़ा और पाडवा की 232 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव के परिणाम सामने आने के साथ ही गांवों की नई सरकार चुन ली गई। पहले चरण में रिकॉर्ड 82.39 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव परिणामों में कहीं राजनीतिक परिवारों का दबदबा कायम रहा, तो कहीं दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा के परिवार ने लगातार सातवीं बार सरपंच पद पर जीत दर्ज की, जबकि भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत अपने काका को चुनाव नहीं जिता सके। वहीं, दो पंचायतों में महज एक-एक वोट के अंतर से जीत-हार का फैसला हुआ। सागवाड़ा पंचायत समिति की डेचा पंचायत में विधायक शंकरलाल डेचा के परिवार का करीब तीन दशक से चला आ रहा राजनीतिक दबदबा बरकरार रहा। विधायक के बेटे राहुल डामोर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश को 340 मतों से हराकर सरपंच पद पर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही परिवार की सरपंच पद पर लगातार सातवीं जीत का सिलसिला जारी रहा। चुनाव में दो पंचायतों के परिणाम बेहद रोमांचक रहे। पाडवा पंचायत समिति की माविता पंचायत में मंजुला रोत ने महज एक वोट के अंतर से जीत हासिल की। इसी तरह चिखली पंचायत समिति की कोचरी पंचायत में मानसिंह पारगी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को केवल एक वोट से हराया। इन करीबी मुकाबलों ने चुनावी नतीजों को खास बना दिया। बीएपी सांसद राजकुमार रोत की स्थानीय पंचायत खरवर खुनिया में उनके काका सोहनलाल को हार का सामना करना पड़ा। यहां भगवतीलाल खराड़ी ने सोहनलाल को 15 मतों से हराकर सरपंच पद पर जीत दर्ज की। इस परिणाम को भी जिले के चुनावी समीकरणों में अहम माना जा रहा है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी पंचायतों में मतगणना शुरू हुई, जो अलसुबह तक जारी रही। परिणाम घोषित होते ही विजयी सरपंचों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कई जगह ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और गुलाल के साथ जीत का जश्न मनाया गया।

स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

डूंगरपुर, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर रविवार को शहर में अभ्युदय पथ संचलन में अनुशासन और एकजुटता का नजारा देखने को मिला। सफेद शर्ट, खाकी पेंट और सिर पर काली टोपी पहने हाथों में दंड लेकर निकले स्वयंसेवकों की कदमताल और घोष की धुनों ने लोगों को आकर्षित किया। शहर के तीन अलग-अलग रास्तों से निकले पथ संचलन का तहसील चौराहे पर संगम हुआ तो भारत माता के जयकारे गूंज उठे। लोगों ने फूल बरसाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संघ की ओर से शास्त्री कॉलोनी रोड, कलेक्ट्री रोड और नवाडेरा रोड से पथ संचलन निकाला गया। तीनों रास्तों से घोष की धुन पर कदम मिलाते हुए स्वयंसेवक तहसील चौराहे पर पहुंचे। यहां तीनों संचलनों के एक साथ मिलने का नजारा देखने के लिए लोग जुटे रहे। संगम के दौरान लोगों ने फूल बरसाए और भारत माता के जयकारे लगाकर स्वागत किया। इसके बाद एक साथ आगे बढ़ा पथ संचलन गेपसागर की पाल से होते हुए पुराने शहर की सड़कों और गलियों से गुजरा। रास्ते में कई जगह लोगों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया। शहर में कदमताल करते हुए संचलन वापस तहसील चौराहे पहुंचा और वहां से लक्ष्मण मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। लक्ष्मण मैदान में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में वक्ताओं ने देशभक्ति, अनुशासन, संगठन और सामाजिक एकता के महत्व पर जोर दिया। शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस पथ संचलन में स्वयंसेवकों की एक जैसी गणवेश और घोष की धुन पर एक साथ कदमताल आकर्षण का केंद्र रही।

एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत 94 जने गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत जिला पुलिस की 40 टीमों ने 212 चिन्हित स्थानों पर दबिश देकर 94 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न प्रकरणों में वांछित आरोपियों तथा गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह एवं समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन में 142 पुलिसकर्मियों की 40 टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने जघन्य अपराधों में 1, गिरफ्तारी वारंट के तहत 10 तथा सामान्य प्रकरण में 1 वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं बीएनएसएस के तहत 90 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की एवं 33 हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर पाबंद किया व लूट, डकैती, नकबजनी एवं चोरी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त अथवा चालानशुदा 64 अपराधियों को डिटेन कर पूछताछ की। अभियान के दौरान आबकारी एक्ट के तहत 19 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं 45 अवैध भट्टिया तोड़कर 9 हजार 800 लीटर महुआ वॉश नष्ट की गयी एवं 167 लीटर अवैध देशी शराब व 149 लीटर अवैध अंठोजी शराब जब्त की गयी। पुलिस अधीक्षक जोशी ने आमजन से जिले में कहीं भी मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री या भंडारण की सूचना मिलने पर पुलिस को हेल्पलाईन/व्हाट्सएप नंबर 8764858986 पर देने की अपील करते हुए बताया कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

शरद पूर्णिमा गरबा फेस्टिवल का आगाज

राजसमंद, (निसं)। शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में रविवार को श्री द्वारकेश वाटिका गरबा और भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। जेसी ग्रुप राजसमंद की ओर से आयोजित दो दिवसीय शरद पूर्णिमा गरबा फेस्टिवल का रंगारंग आगाज हुआ। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बडी संख्या में गरबा प्रेमी और श्रद्धालु पहुंचे। पारंपरिक परिधानों में सजे युवक-युवतियों, महिलाओं और बच्चों ने गुजराती एवं हिंदी गीतों की धुन पर गरबा खेलकर उत्सव का आनंद लिया। गरबा की शुरुआत ब्रज लाडला श्रीनाथजी.. खम्मा रे खम्मा जैसे भक्तिमय गीतों से हुई। इसके बाद गुजराती गरबा गीतों की लय तेज होती गई और पूरा परिसर तालियों, ढोल की थाप और संगीत की गूंज से झूम उठा। ढोलीडा ढोल रे वगाड, नगाडा संग ढोल बाजे, राधा कैसे न जले.. सहित विभिन्न लोकप्रिय गीतों पर गरबा प्रेमियों ने आकर्षक स्टेप्स के साथ सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिसेज इंडिया डॉक्टर ईशा जेठानी रहीं। भक्ति और उत्सव का अनूठा संगम उस समय देखने को मिलाए जब श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, अच्युतम केशवम और गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में डूब गए। वहीं हिंदी फि ल्मी गीतों की प्रस्तुतियों ने युवाओं में खासा उत्साह भर दिया। गीत बदलते ही गरबा करने वालों के कदमों की रफ्तार भी बढती गई। महोत्सव में महिलाओं ने रंग-बिरंगी चनिया-चोली और युवकों ने केडिया सहित पारंपरिक परिधान पहनकर गरबा खेला। रंगीन रोशनी, आकर्षक सजावट और संगीत के बीच द्वारकेश वाटिका का माहौल किसी बडे गरबा महोत्सव जैसा नजर आया।

15 भाजपाईयों ने थामा कांग्रेस का दामन

बांसवाड़ा, (निसं)। लिमथान, तोरनियां गांव में भाजपा के 15 कार्यकर्ताओं ने कांठोस की सदस्यता ग्रहण की। जिनका प्रभारी महेशचन्द्र तेली ने स्वागत करते हुए पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप संगठन को मजबूत करने एवं पंचायती राज चुनाव के लिये कमर कसने का आव्हान किया। तेली ने दावा किया इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणों ने कांग्रेस को समर्थन भी दिया।

मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी सदस्याओं ने किया कन्या पूजन

बांसवाड़ा, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद के सानिध्य में जनजाति बालिका छात्रावास में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की ओर से कन्या पूजन कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद सह केंद्रीय मंत्री रामस्वरूप महाराज के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष मोहन पटेल, मातृशक्ति जिला संयोजिका मिथिलेश कौशिक, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक तनीषा शर्मा के आतिथ्य में हुआ। अतिथि परिचय संध्या रस्तोगी ने दिया वहीं विहिप जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। मातृशक्ति सह संयोजिका रेखा कंसारा ने कन्या पूजन पर अपने विचार रखे। संचालन जिला मंत्री अरुण जोशी ने किया जबकि आभार जिला मातृशक्ति उपाध्यक्ष साधना देवड़ा ने माना। जिला सह प्रचार प्रमुख देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया इस अवसर पर जिला सत्संग प्रमुख मीना राठौर, नगर संयोजिका चंदा सिंह, नगर संयोजिका जिला सहसंयोजिका प्रवीणा पंवार, नगर संयोजिका चावी ओसवाल, नगर सहसंयोजिका लक्षिता वसिटा, नगर शक्ति साधना प्रमुख भूमिका छाबड़ा, नगर छात्र प्रमुख क

सरपंच बनने की खुशी में रैली के दौरान आतिशबाजी करने पर टोकने से भिड़े दो पक्ष, आठ जने घायल

अलवर जिले में डाबरी ग्राम पंचायत में आपसी विवाद में दो महिलाओं की हालत गंभीर, अलवर रेफर

अलवर, (निसं)। पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद नौगांवा में चुनावी रंजिश से जुड़े विवाद सामने आने लगे हैं। डाबरी ग्राम पंचायत में सरपंच बनने की खुशी में रैली निकालने और आतिशबाजी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। इनमें चार लोगों के सिर में चोट आने पर टांके लगाने पड़े, जबकि दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अलवर रेफर किया गया। वहीं, बलरामपुर ग्राम पंचायत के पाटनभान में भी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में पत्थरबाजी और लाठीबाजी हुई। पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

विवाद के बाद मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

- बलरामपुर ग्राम पंचायत के पाटनभान में भी चुनावी रंजिश को लेकर पत्थरबाजी और लाठीबाजी, 12 जनों को गिरफ्तार किया
- पाटनभान निवासी असलूप ने आरोप लगाया कि सरपंच और समर्थक जीत की खुशी में डीजे पर अश्लील गाने बजाते हुए रैली निकाल रहे थे

ग्रामीणों के अनुसार, डाबरी में सरपंच बनने की खुशी में एक पक्ष की ओर से रैली निकाली जा रही थी और आतिशबाजी की जा रही थी। इसी दौरान जानवरों से दूर रहकर आतिशबाजी करने के लिए कहने पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनके बीच लाठी-डंडे चलने लगे।

ग्रामीणों के मुताबिक, दूसरा पक्ष चुनाव में हारी उम्मीदवार का समर्थक था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट में घायल लोगों को नौगांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चार घायलों के सिर में चोट आने पर टांके लगाए गए। वहीं, दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें अलवर रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

पाटनभान में डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद :- बलरामपुर ग्राम पंचायत के पाटनभान में भी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में पत्थरबाजी होने लगी। इस दौरान लाठियां भी चलीं, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पाटनभान निवासी असलूप ने आरोप लगाया कि सरपंच और उनके समर्थक जीत की खुशी में डीजे पर अश्लील गाने बजाते हुए रैली निकाल रहे थे। गाने बजाने से रोकने पर समर्थकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

थानाधिकारी हरदयाल सिंह ने बताया कि पाटनभान के मामले में शांतिभंग करने के आरोप में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

नाबालिग पोती की हत्या के आरोप में दादा गिरफ्तार

बूंदी, (निसं)। जिले के नैनवां थाना क्षेत्र में नाबालिग पोती की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दादा मोहननाथ को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुगारी गांव की कालबेलिया बस्ती का निवासी है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

परिवादी नारायण नाथ ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह करीब साढ़े तीन बजे घर लौटा तो उसकी नाबालिग बेटी पूजा कमरे में खून से लथपथ और बेहोश अवस्था में मिली। परिवादी की पत्नी ने बताया कि उसने मोहन नाथ को खून लगे हाथों और कपड़ों के साथ मोटरसाइकिल लेकर घर से जाते देखा था। परिजन घायल बालिका को बूंदी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा के निर्देश पर आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई। नैनवां वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश के सुपरविजन में थानाधिकारी हेमराज मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहन नाथ को हिरासत में लेकर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में नैनवां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

डंपर ने बाइक को टक्कर मारी, दो जनों की मौत

बीकानेर, (निसं)। जिले के बज्जू क्षेत्र में 954 आरडी बीकमपुर रोड पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय बाइक पर तीन युवक सवार थे।

जानकारी के अनुसार, तीनों युवक बाइक पर 954 आरडी बीकमपुर रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में तीसरे युवक मोहन जाट ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। सड़क हादसे में जाटावास, बज्जू निवासी लेखराम (20) पुत्र मानाराम जाट और बीठनोक निवासी बलदेव (22) पुत्र रामेश्वरलाल ब्राह्मण की मौत हो गई। वहीं, जाटावास, बज्जू निवासी मोहन (18) पुत्र टीकूराम जाट गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर बज्जू पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। फूलासर छोटा ग्राम पंचायत में पंचायत चुनाव के चलते एक प्रत्याशी के यहां तीनों हलवाई का काम कर रहे थे। रात को काम निपटाकर घर वापस लौट रहे थे। बीठनोक निवासी बलदेव ब्राह्मण की शादी दो साल पहले हुई थी और वो एक छोटी बेटी का पिता है। वहीं, लेखराम अपने भाई बहनों में सबसे छोटा था और अविवाहित था।

डूंगरपुर के डूका ग्राम पंचायत में उप सरपंच चुनाव के दौरान बीएलओ की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में भंडारी पंचायत समिति क्षेत्र के डूका ग्राम पंचायत में बीएलओ अशोक बारिया की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उप सरपंच पद पर चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हे तुरंत ही गुजरात के मोडासा अस्पताल लेकर गए, लेकिन बचाया नहीं जा सका। वही बीएलओ की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

- नामांकन प्रक्रिया के दौरान बीएलओ अशोक कुमार बारिया की तबीयत बिगड़ गई थी, अस्पताल में दम तोड़ा

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डूका में 22 अक्टूबर को जिला परिषद और पंचायत समित सदस्य, 24 अक्टूबर को सरपंच और वार्डपंच पद के चुनाव हुए। बीएलओ अशोक कुमार बारिया (40) भी अपने ही पंचायत चुनाव में ड्यूटी पर थे। रात में स्कूल में ही रुक गए थे।वे राजकीय प्राथमिक विद्यालय पालनपुरा में टीचर थे। वे पंचायत की मतदानकर्मियों से जुड़ी कई व्यवस्थाओं को संभाल रहे थे। शनिवार को सरपंच पद के चुनाव और फिर देर रात तक चली मतगणना की वजह से वे स्कूल में ही रुक गए थे। वहीं रविवार को भी पंचायत में उपसरपंच पद के लिए चुनाव थे। इसके लिए स्कूल परिसर में ही नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान उनकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई। आसपास के लोगों ने संभाला और मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उन्हें तुरंत गुजरात के मोडासा अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। मतदान दल ने इसकी सूचना प्रशासन को दी है। वहीं उनकी मौत के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। अब सभी की नजरें पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

अशोक कुमार बारिया अपने परिवार के प्रमुख सहारे थे। उनकी 5 बेटियां हैं और कोई बेटा नहीं है। परिवार के लिए यह घटना किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। जिस पिता के सहारे बेटियों का भविष्य संवरना था, उनके अचानक चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर से परिचितों और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

सरपंच चुनाव परिणाम के बाद बीकानेर के केला गांव में हंगामा

बीकानेर, (निसं)। जिले की छतरगढ़ पंचायत समिति के केला गांव में सरपंच चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद विवाद हो गया। जमीला पत्नी इकबाल की जीत के बाद कुछ लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस-प्रशासन की तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गई।

- पुलिस के तीन वाहनों में तोड़फोड़, पुलिसकर्मी व कर्मचारी घायल

जानकारी के अनुसार, देर रात तक चली मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम पर भी हमला किए जाने की सूचना है। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के घायल होने की बात सामने आई है। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। सूचना मिलने पर उपखंड अधिकारी पवन कुमार और थाना अधिकारी नवनीत सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हालात संभालने में जुटे रहे। घटना के बाद केला गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

स्मैक सहित आरोपी को पकड़ा

बूंदी, (निसं)। अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने 3 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक देशराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान जुगल किशोर तंवर उर्फ बंटी (44), निवासी कागदी देवरा, बूंदी के पास से 3 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक बरामद की और मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

धौलपुर के दिहोली थाने की खिड़की तोड़कर शातिर तस्कर फरार

एसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया

धौलपुर, (निसं)। दिहोली थाने में पुलिस कस्टडी से एक शातिर तस्कर के फरार होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत पीसी रिमांड पर चल रहा आरोपी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर थाने की खिड़की तोड़कर भाग निकला। इस घटना के बाद से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया है।

- 1.30 करोड़ के गांजे की तस्करी के मामले में थाने में पीसी रिमांड पर चल रहा था आरोपी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 8 दिन पूर्व धौलपुर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आंध्र प्रदेश निवासी दो तस्करों को 261 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये आंकी गई थी। पकड़े गए दो आरोपियों में से एक आरोपी वर्तमान में जेल में बंद है, जबकि दूसरा आरोपी पुलिस की पीसी रिमांड पर था, जिससे दिहोली थाने में पूछताछ की जा रही थी। शनिवार-रविवार की दरमियानी अवधि में आरोपी टी श्रीनिवास ने थाने की बैरक या कमरे की खिड़की को निशाना बनाया और उसे तोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए रफूचक्कर हो गया। कस्टडी से आरोपी के गायब होने की भनक लगते ही थाने में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी विकास सांगवान ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने फरार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में नया मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वाले दो कांस्टेबलों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि फरार तस्कर की धरपकड़ के लिए पुलिस की कई विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो जिले के सीमावर्ती इलाकों और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अवैध खनन मामले में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध विशेष अभियान में उनियारा वृताधिकारी अशोक कुमार एवं नगरफोर्ट थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा के नेतृत्व में गठित थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए नगरफोर्ट क्षेत्र में स्थित एचपी पेट्रोल पम्प के सामने टोक रोड पर अवैध पत्थर भरकर परिवहन करने के लिए जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। इसी प्रकार इस अभियान में बरोनी थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पहाडी व अभयपुरा से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध बजरी से भरे हुए को जब्त किया गया। इस दौरान पुलिस ने सभी ट्रैक्टरों के चालकों व मालिकों के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर जाकर अनुसंधान जारी है।

दौसा में बदमाशों ने घर के बाहर से व्यक्ति का अपहरण किया

कार में बेरहमी से पीटा, खाते से 92 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए

दौसा, (निसं)। जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। सिकंदरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात बदमाशों ने एक व्यक्ति को उसके घर के बाहर से अगवा कर लिया। आरोपी पीड़ित को कार में डालकर काफी देर तक इधर-उधर घुमाते रहे और उसके साथ मारपीट करते रहे। इस दौरान बदमाशों ने मोबाइल का पासवर्ड पूछकर उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 92 हजार रुपए भी ट्रांसफर करवा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित को बावनपाड़ा के पास एक सुनसान जगह पर पटककर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित सिकंदरा थाने पहुंचा और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण व लूट का मामला दर्ज कराया।

- आरोपी पीड़ित को सिकंदरा थाना क्षेत्र में बावनपाड़ा के पास सुनसान जगह पर छोड़कर मौके से फरार हो गए

सिकंदरा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के ईटका गांव निवासी पीड़ित ने प्राथमिकी में बताया कि शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे वह अपने घर के बाहर बंधे मवेशियों को देखने के लिए निकला था। इसी दौरान एक कार में सवार बदमाशों ने उसे रास्ता पूछने के बहाने अपने पास बुलाया। पीड़ित जैसे ही रास्ता बताने के लिए कार के नजदीक पहुंचा, आरोपियों ने उसे अचानक पकड़ लिया और जबरन गाड़ी के अंदर खींच लिया। इसके बाद बदमाश उसे अगवा कर अपने साथ ले गए। पीड़ित के मुताबिक, कार में आरोपी उसके साथ लगातार मारपीट करते रहे और उसे धमकाकर मोबाइल का पासवर्ड पूछ लिया। आरोपियों ने पीड़ित के मोबाइल फोन के जरिए उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 92 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए, वारदात के दौरान पीड़ित बदमाशों के कब्जे में रहा। इसके बाद आरोपी उसे सिकंदरा थाना क्षेत्र में बावनपाड़ा के पास सुनसान जगह पर छोड़कर मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण और लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

दशहरा मेला में अवैध हथियार सहित तीन आरोपी पकड़े

कोटा, (निसं)। किशोरपुरा पुलिस टीम ने दशहरा मेला में अवैध हथियार तेज धारदार चाकू सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस टीम ने मेला में उत्पात मचाने के आरोप में 11 व्यक्तियों को पकड़ा है। शहर पुलिस ने बताया कि शहर में आयोजित 133वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला में कार्रवाई के लिये किशोरपुरा थानाधिकारी चेतन शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। टीम ने दशहरा मैदान में स्थित पशु मेले मे कार्रवाई करते हुए आरोपी दादाबाड़ी निवासी शोयब उर्फ शोफ्टी, जयहिंद नगर निवासी राहुल मेघवाल और नयापुरा निवासी लक्की मेरोठा को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चाकू बरामद किया गया। शहर एसपी ने बताया कि दशहरा मेले में तैनात पुलिस टीम ने मेले में उत्पात मचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए अरविन्द मीणा, खुशवीर पारेता, अंकित जाटव, महावीर व राजू बागड़ी को शांतिभंग में गिरफ्तार किया तथा लड़ाई-झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए राहुल सैनी, राकेश पडीरवाल, नीरज मीणा, गोलू, दीपू उर्फ दीपक एवं मोहित मीणा को गिरफ्तार किया गया।

भरतपुर में ट्रक ने साइकिल सवार मजदूर को कुचला, मौत

भरतपुर, (निसं)। आगरा-जयपुर नेशनल हाइवे पर सारस चौराहे के पास बने बालाजी कट पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। साइकिल से मजदूरी करने भरतपुर आ रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक मजदूर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सेवर थाना क्षेत्र के गांव बरसो निवासी श्यामवीर पुत्र रतन सिंह (40 वर्ष) के रूप में हुई है।

मृतक के परिजन किशनदास ने बताया कि श्यामवीर रविवार सुबह साइकिल से मजदूरी करने के लिए भरतपुर आ रहा था। जब वह नेशनल हाइवे पर सारस चौराहे से पहले बने कट को पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक उसके पेट के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। पुलिस की नाकाबंदी के दौरान ट्रक को पकड़ लिया गया। मृतक के भाई सुंदरलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। मथुरा गेट थाना के एएसआई हरगोपाल सिंह ने बताया कि सुबह करीब पौने नौ बजे सारस चौराहे के पास बालाजी कट पर हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृत अवस्था में मिले व्यक्ति के शव को अस्पताल पहुंचाया।

लाखों के जेवर व नगदी की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में 24 तोला सोना और 5 लाख की नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोर मकान के ताले और बेडरूम की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे करीब 24 तोल सोने के आभूषण, 100 ग्राम चांदी और कैश चोरी कर ले गए थे। पुलिस इस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले में देवीसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट के अनुसार, 13 सितंबर को वह परिवार सहित ट्रेन से वृंदावन गए हुए थे और घर पर आगे के कमरे में उनके साले का लड़का मोहित रुका हुआ था, जबकि बेडरूम और कमरों के ताला लगा था।16 सितंबर की रात करीब 8.30 बजे मोहित के पास फोन आया कि उनके मकान के ताले टूटे हुए हैं और बेडरूम के पीछे की खिड़की तथा अलमारी का लॉक टूटा है। सुबह घर लौटने पर जब अलमारी की जांच की गई, तो उसमें रखे करीब 24 तोला वजनी सोने के गहने जिसमें दो चेन, अंगूठियां, आड, ठुसी, रखड़ी सेट, शीशफूल, कानों के झुमके-लटकन, फूंसी, मादलिया, मंगलसूत्र और फीणी आदि गायब थी। इसके अलावा चांदी की पांच जोड़ियां पायल, कड़ा पायल और लक्ष्मी जी के 5 सिक्के, सहित कुल 5 लाख रुपये नकद गायब मिले। इस पर थाने में रिपोर्ट दी गई। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आस-पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें सामने आया कि 15 और 16 सितंबर की रात करीब 12 बजे 2 संदिग्ध मोटरसाइकिल पर आए थे और मकान के आगे से निकलने के डेढ़ घंटे बाद वापस गए। मामले में उपनिरीक्षक चमनाराम को जांच सौंपी थी। जिसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी दीपक जोशी (36) पुत्र मुन्नालाल को गिरफ्तार कर लिया है।

सूने मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के रामनगर में शनिवार रात चोरों ने बिजली विभाग के रिटायर कर्मचारी कैलाश के सूने मकान को निशाना बनाया। चोर ताले तोड़कर घर से लाखों रुपए के जेवर और नगदी चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कैलाश परिवार के साथ शनिवार दोपहर उदयपुर के सिहाड़ गांव में भैरव जी के दर्शन के लिए गए थे। रात को घर लौटने पर उन्होंने मुख्य दरवाजे का कुंडा टूटा देखा। शोर मचाने पर पड़ोसी भी इकट्ठा हो गए। चोरों ने कैलाश की माता केसर बाई की जमा पूंजी और गहने चुराए। इनमें दो किलो चांदी के जेवर, तीन सोने की अंगूठी, दो तोला सोने की बजंती और पेटी में रखी नगदी शामिल है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जांच की।

कोटा में बड़गांव चौकी पर तैनात कांस्टेबल दो हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने परिवादी की शिकायत पर ट्रेप कार्रवाई करते हुए थाना नान्ता के बड़गांव चौकी पर तैनात कांस्टेबल अभयसिंह को परिवादी से दो हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

मामले में सामने आया कि आरोपी कांस्टेबल अभयसिंह ने सड़क दुर्घटना के मामले में परिवादी को झूठा फंसाने की धमकी देकर रूपये मांगे थे। कांस्टेबल परिवादी से पूर्व में 700 रूपये की रिश्वत राशि ले चुका है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत मिली की कुछ समय पहले एक डम्पर द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। मामले में उक्त मोटरसाइकिल के परिवादी की कार से टकराने के बाद उत्पन्न विवाद के संबंध में डम्पर मालिक द्वारा परिवादी के विरुद्ध थाना नान्ता में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसकी जांच थाना नान्ता की बड़गांव चौकी पर तैनात कांस्टेबल अभयसिंह द्वारा की जा रही थी।

आरोपी कांस्टेबल

- आरोपी कांस्टेबल ने सड़क दुर्घटना के मामले में परिवादी को झूठा फंसाने की धमकी देकर रूपये मांगे थे, कांस्टेबल परिवादी से पूर्व में 700 रूपये की रिश्वत राशि ले चुका था

आरोप है कि कांस्टेबल अभयसिंह द्वारा परिवादी को उक्त प्रकरण में झूठा फंसाने की धमकी देकर रिश्वत राशि की मांग की जा रही थी। उक्त शिकायत पर रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी कांस्टेबल अभयसिंह द्वारा परिवादी से 700 रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करना तथा शेष दो हजार रुपये रिश्वत राशि बाद में लेने की मांग करना पाया गया।

एसीबी एएसपी ने बताया कि रिश्वत मांग की पुष्टि के बाद एसीबी के पुलिस निरीक्षक पृथ्वीराज मीणा के नेतृत्व में गठित ट्रेप दल द्वारा कार्रवाई की गई, कार्रवाई के दौरान आरोपी कांस्टेबल अभयसिंह को बड़गांव चौकी पर परिवादी से 2,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मामले में एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस एस परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है। आरोपी के निवास स्थान की तलाशी ली जा रही है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

आपसी विवाद में तीन जनों को पकड़ा

कोटा, (निसं)। एमबीएस अस्पताल परिसर में नो पार्किंग में से वाहन को उठाने एवं नियमानुसार 50 रूपये का जुर्माना मांगने के दौरान युवकों व स्टेंड पर कार्य करने वाले लड़कों के बीच झगड़े का मामला सामने आया है।

मामले में सामने आया कि वाहन चालक ने अन्य साथियो को बुलाकर स्टेंड पर कार्य कर रहे लड़कों पर लाठी व सरियों से हमला कर दिया। पुलिस ने हमला करने के आरोप में पुष्पेन्द्र, राकेश व अनिल को को गिरफ्तार किया है। रविवार को स्टेंड पर कार्य करने वाले लड़कों ने नो पार्किंग में खड़े एक वाहन को उठाकर पार्किंग में लाकर खड़ा किया, जब वाहन मालिक मौके पर पहुंचा तो स्टेंड संचालक ने वाहन मालिक से 50 रूपये जुर्माना रसीद कटवाने को कहा तो वाहन मालिक सहित उसके साथ मौजूद अन्य युवकों ने जुर्माना देने से मना किया, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और युवकों ने साथियों को बुलाया और स्टेंड पर काम करने वाले लड़कों पर अचानक से हमला कर दिया।

फर्जी बैंक खाते बेचने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

निवेश के नाम पर 15 लाख रु. की ठगी से जुड़ा प्रकरण

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। साइबर पुलिस थाना जयपुर ने निवेश के नाम पर 15.04 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बुजुर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और विद्यार्थियों को पैसों का लालच देकर उनके नाम पर फर्जी ऑनलाइन मर्चेंट खाते खुलवाता था। बाद में इन खातों को मोटी रकम और कमीशन लेकर दूसरे राज्यों में सक्रिय साइबर ठगों को बेच देता था।

पुलिस के अनुसार, परिवादी को ईजेडइन्वेस्ट कंपनी के नाम पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में निवेश कर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा दिया गया। इसके बाद छह अलग-अलग लेन-देन के जरिए 15 लाख 4 हजार 999 रुपए की ठगी की गई। मामले में साइबर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अनुष्ठा कालिया के मार्गदर्शन में गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी राजकुमार उर्फ राजू

- बुजुर्गों, मजदूरों और विद्यार्थियों को लालच देकर खाते खुलवाते थे आरोपी
- साइबर थाना पुलिस इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार आरोपी राजकुमार उर्फ राजू कासोटिया (35) सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को इस्तेमाल के लिए न दें और आधार, पैन, एटीएम पिन व बैंक ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

'सरकारी योजना और कैशबैक के नाम पर हो रही साइबर ठगी'

जयपुर। सरकारी योजनाओं में आर्थिक सहायता और कैशबैक का लालच देकर की जा रही साइबर ठगी को लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर जनप्रतिनिधियों के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर चलाए जा रहे फर्जी विज्ञापनों से सतर्क रहने की अपील की है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि ठग प्रमुख सार्वजनिक और राजनीतिक हस्तियों की फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर नकली सरकारी योजनाओं का प्रचार करते हैं। लोगों को आर्थिक सहायता दिलाने का झांसा देकर फर्जी वेबसाइट, फोन नंबर और व्हाट्सएप खातों के जरिए संपर्क किया जाता है। ठग कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार या बदले हुए वीडियो के जरिए ऐसा दिखाते हैं, मानो कोई जनप्रतिनिधि स्वयं योजना की घोषणा कर रहा हो। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद लोगों को फोन नंबर या वेबसाइट पर भेजा जाता है। कुछ मामलों में 92 कोड़ वाले विदेशी नंबरों से संपर्क कर बताया जाता है कि व्यक्ति का आर्थिक सहायता के लिए चयन हो गया है। इसके बाद पंजीकरण शुल्क, प्रक्रिया शुल्क, कर या सत्यापन शुल्क के नाम पर बार-बार पैसे मांगे जाते हैं। भुगतान करने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिलता और पीड़ित से लगातार रकम वसूली जाती है। पुलिस के अनुसार स्क्रैच कार्ड और स्पिन-एंड-विन प्रतियोगिताओं के जरिए नकली कैशबैक या पुरस्कार जीतने का संदेश भेजा जाता है। इसके बाद भुगतान ऐप पर यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट स्वीकार करने या यूपीआई पिन दर्ज करने के लिए कहा जाता है। ऐसा करने पर खाते से रकम कटकर ठगों के खातों में जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी सोशल मीडिया विज्ञापन पर भरोसा करने से पहले संबंधित विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर योजना की पुष्टि करें। जनप्रतिनिधि या उनके कार्यालय के नाम पर 92 नंबर से कॉल या संदेश आने पर सतर्क रहें और संबंधित कार्यालय से सीधे संपर्क करें।

नशा तस्करी के काले धन से खरीदी हुई 15 लाख की संपत्ति फ्रीज

जयपुर। अजमेर जिले में अरांई थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी दिनेश रेबारी की करीब 15 लाख रुपए की अवैध संपत्ति फ्रीज करवाई है। कार्रवाई के तहत तस्करी के कथित काले धन से खरीदी गई वेन्यू कार और आबादी भूमि के प्लॉट को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए हैं।

अजमेर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत चालानशुदा आरोपियों की अवैध संपत्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनेश रेबारी (28) निवासी छोटालाम्बा थाना अरांई के खिलाफ पुलिस की ओर से एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है। दोनों मामले विचाराधीन हैं। आरोपी वर्तमान में अरांई थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार है और उसकी तलाश जारी है।

जांच के दौरान पुलिस ने तस्करी से अर्जित धन से खरीदे गए वाहन और जमीन से संबंधित दस्तावेज जुटाए। इसके बाद 25 सितंबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ)(2) के तहत संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव ई-कोर्ट पोर्टल के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, दिल्ली के समक्ष पेश किया गया। प्राधिकारी ने संपत्तियां फ्रीज करने के आदेश जारी किए।

फ्रीज की गई संपत्तियों में करीब 8.70 लाख रुपए कीमत की वेन्यू कार और ग्राम छोटालाम्बा में करीब 5.73 लाख रुपए कीमत का आबादी भूमि का प्लॉट शामिल है। दोनों संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत 14.43 लाख रुपए है। पुलिस के अनुसार आरोपी की ओर से बचाव में दस्तावेज और तथ्य प्रस्तुत किए गए, जिन पर पुलिस ने जवाब देकर प्रभावी पैरवी की।

प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी के लिए खड़गे माफी मांगे : राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बिहार के पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी और कार्यक्रम में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। राठौड़ ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री पद की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणियों और हिंसा के बजाय संवाद एवं तर्क का रास्ता अपनाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भाषा राजनीतिक शालीनता के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सोनिया गांधी की "मौत का सौदागर" टिप्पणी और मणिशंकर अय्यर की प्रधानमंत्री मोदी पर की गई विवादित टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की ऐसी बयानबाजी पहले भी सामने आयी है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 37 से अधिक देशों के सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं।

चार साल से फरार हिस्ट्रीशीटर चोरी की छह स्कूटियों के साथ गिरफ्तार

आरोपी आदतन वाहन चोर, अलग-अलग थानों में 24 मामले दर्ज

जयपुर। माणकचौक थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में चार साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर अभिषेक शर्मा उर्फ राज (30) निवासी जौहरी बाजार जयपुर हाल मानसरोवर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की छह एक्टिवा व स्कूटी बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चोरी सहित करीब 24 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त करण शर्मा ने बताया कि आरोपी ऐसी पार्किंग और सुनसान जगहों को चुनता था, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हों। स्कूटी चोरी करने के बाद वह पेट्रोल खत्म होने तक उसे चलाता और फिर किसी स्थान पर छोड़कर दूसरी स्कूटी चुरा लेता था। पुलिस से बचने के लिए वह बार-बार अपना ठिकाना बदलता था। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक शर्मा उर्फ राज वर्ष 2022 में माणक चौक थाने का हिस्ट्रीशीटर बना था। उसके खिलाफ माणक चौक, अशोक नगर, गांधी नगर, मोती डूंगरी, मानसरोवर, कोतवाली, मुहाना और जवाहर सर्किल सहित विभिन्न थानों में 23 से 24 आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राकेश ख्यालिया, हेड कांस्टेबल मालीराम तथा कांस्टेबल कैलाश, महेश, गिरधर, मंजीत और सुमेर सिंह शामिल रहे। आरोपी की तलाश, गिरफ्तारी और चोरी के वाहन बरामद करने में कांस्टेबल कैलाश की विशेष भूमिका रही।

माणकचौक पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में 4 साल से फरार हिस्ट्रीशीटर अभिषेक को गिरफ्तार किया।

शरद पूर्णिमा पर मोतीडूंगरी गणेशजी ने धारण किया चांदी का मुकुट

जयपुर। शरद पूर्णिमा पर रविवार को जयपुर के प्रसिद्ध श्री मोती डूंगरी गणेशजी महाराज मंदिर में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर प्रथम पूज्य गणेशजी महाराज का विशेष शृंगार किया गया।

भगवान को नवीन श्वेत पोशाक धारण कराई गई और चांदी का सफेद मुकुट पहनाया गया। श्वेत वस्त्रों और चांदी के मुकुट से सजे गणेशजी महाराज का स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर महंत कैलाश शर्मा के अनुसार शरद पूर्णिमा की परंपरा के अनुरूप मंदिर परिसर में सफेद फूलों से भव्य फूल बंगला सजाया गया। फूलों की सजावट के बीच विराजमान गणेशजी महाराज ने भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर में हुए विशेष शृंगार और फूल बंगले की सजावट ने उत्सव की धार्मिक छटा को और बढ़ा दिया। प्रथम पूज्य के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा मंगलकामना की प्रार्थना की। शरद पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गणेशजी महाराज को खीर का विशेष भोग अर्पित किया गया।

शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों पर जयपुर पुलिस ने शिकंजा कसा

जयपुर (कासं)। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जयपुर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। राजधानी जयपुर में शुरू विशेष अभियान के तहत 557 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में 271 चालकों पर कार्रवाई हुई।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन में आयुक्तालय के चारों जिलों में नाकाबंदी कर वाहन चालकों की जांच की जा रही है। पिछले 24 घंटे में जयपुर पूर्व जिले में 74, पश्चिम में 37, उत्तर में 25 और दक्षिण में 33 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, यातायात पुलिस ने 102 चालकों पर कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना कानूनन अपराध है। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और चालक के साथ अन्य लोगों की जान भी जोखिम में पड़ती है। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इय अभियान शुरू होने से अब तक जयपुर पूर्व जिले में 112, पश्चिम में 85, उत्तर में 64 और दक्षिण में 68 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। यातायात पुलिस ने इस दौरान सर्वाधिक 228 कार्रवाई की हैं।

बिना लेबल की 3840 होममेड चॉकलेट सीज

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। त्योहारों के दौरान मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयों और चॉकलेट विक्रेताओं के यहां निरीक्षण एवं कार्रवाई की। इस दौरान विद्याधर नगर स्थित ड्राई फ्रूट्स हाउस से बिना अनिवार्य लेबलिंग वाली 3840 होममेड चॉकलेट, 51 पैकेट आयातित चॉकलेट तथा अंजीर एवं खजूर से बनी मिठाइयों के 70 पैकेट सीज किए गए। वहीं, फफूंद लगे करीब दो किलोग्राम सूखे नारियल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर अभिहित अधिकारी डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान होममेड चॉकलेट पॉलीथिन में लिपटी मिलीं, जिन पर आवश्यक खाद्य लेबलिंग नहीं थी।

टीम ने नॉटी नट्स से टाइनी मिनी सौंफ तथा गणपति पैराडाइज, विद्याधर नगर स्थित कामदार ड्राई फ्रूट्स से बादाम कतरन के नमूने लिए। वैशाली नगर स्थित महेश्वरी टी कॉर्पोरेशन सहित अन्य प्रतिष्ठानों से भी बादाम कतरन और मुनक्का के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

- विद्याधर नगर स्थित ड्राई फ्रूट्स हाउस पर खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई
- टीम ने ड्राई फ्रूट्स और मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

डॉ. रवि शेखावत ने खाद्य कारोबारियों को प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण करने, उचित पैकेजिंग और अनिवार्य लेबलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों पर ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां और चॉकलेट खरीदते समय निर्माण एवं अंतिम उपयोग की तिथि, सामग्री का विवरण और अन्य आवश्यक जानकारी जरूर जांचें। खुले या बिना उचित लेबल वाले खाद्य पदार्थ खरीदने से बचें। विभाग ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए निरीक्षण, नमूनीकरण और नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

मोबाइल स्टोर का ताला तोड़ने वाला गिरफ्तार

जयपुर। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने दिनदहाड़े मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन नोसाद अली उर्फ सोनू (32) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी और अन्य मामलों में पहले से कई प्रकरण दर्ज हैं।

जयपुर पूर्व पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि आरोपी नोसाद अली उर्फ सोनू निवासी सांगानेर जयपुर नशे का आदी है। वह नशे की पूर्ति के लिए दिन में सूने मकानों और परिसरों की रैकी करता था। मौका मिलते ही ताले तोड़कर कीमती सामान और नकदी चुरा लेता था। इसके बाद चोरी का माल कम कीमत पर बेचकर रकम नशे में खर्च कर देता था और उसके खिलाफ शिप्रापथ, मालपुरा गेट, मुहाना, प्रताप नगर, नारायण विहार और खोह नागोरियान थानों में आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, चोरी और नकबजनी सहित विभिन्न धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील गोदारा, सहायक उपनिरीक्षक जयपाल, सहायक उपनिरीक्षक वीरेन्द्र चौधरी और कांस्टेबल धीरज, बजरंग लाल व सन्नी कुमार शामिल रहे।

नालसार हैदराबाद ने वीजीयू की राष्ट्रीय वार्ता प्रतियोगिता जीती

जयपुर (कासं)। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) के विधि विभाग की ओर से आयोजित चतुर्थ वीजीयू आर.के. रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय वार्ता प्रतियोगिता का रविवार को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में समापन हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में देश के प्रमुख विधिक संस्थानों, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और विधि संकायों की 60 टीमों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने दीवानी, कॉरपोरेट और वाणिज्यिक विवादों पर आधारित परिस्थितियों में वार्ता कौशल, तर्कशक्ति और आपसी सहमति से समाधान निकालने की क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद ने प्रथम और द वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूडिशियल साइंसेज, कोलकाता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूपीईएस, देहरादून के देव प्रताप सिंह को सर्वश्रेष्ठ वार्ताकार तथा एसवीकेएमएस, इंदौर को 'स्पिरिट ऑफ द कॉम्पिटिशन' का पुरस्कार दिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आयोजन के संरक्षक राजदीपक रस्तोगी ने स्वर्गीय आर.के. रस्तोगी के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम करने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान आवश्यक है। वार्ता विवादों को अदालत के बाहर सुलझाने का सरल और शीघ्र माध्यम है। विशिष्ट अतिथि, पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि वार्ता हार-जीत नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम है। उन्होंने विधि विद्यार्थियों से सेवा, त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने का आव्हान किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अभय कुमार ने कहा कि अच्छा वार्ताकार बनने के लिए अच्छा श्रोता होना और तथ्यों पर आधारित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है।

- यूपीईएस देहरादून के देव प्रताप सिंह बने सर्वश्रेष्ठ वार्ताकार, 60 टीमों ने लिया भाग

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विधि विभाग की ओर से आयोजित चतुर्थ वीजीयू आर.के. रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय वार्ता प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में वार्ताकारों की भूमिका बढ़ेगी, जिससे कार्य आसान होंगे और मानवीय क्षमता का बेहतर उपयोग हो सकेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षिणक, अनुसंधान और आधारभूत उपलब्धियों को दर्शाती 'जर्नी ऑफ वीजीयू' प्रस्तुति भी दिखाई गई। विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा राव ने आयोजन समिति, अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागी संस्थानों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का आभार जताया।

सार-समाचार

रंगोली गार्डन में बंगाली समाज ने श्रद्धा और भक्तिभाव से की मां लक्ष्मी की पूजा

जयपुर। शरद पूर्णिमा पर वैशाली नगर स्थित रंगोली गार्डन में बंगाली समाज की ओर से मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना यानी लोक्खी पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। बंगाली समाज में शरद पूर्णिमा पर मनाई जाने वाली लोक्खी पूजा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे कोजागरी लोक्खी पूजा भी कहा जाता है। बंगाली मान्यता के अनुसार, इस दिन मां लक्ष्मी की आराधना करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। आयोजन में बंगाली परंपराओं और रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। पूजा स्थल पर पारंपरिक अल्पना यानी बंगाली रंगोली सजाई गई। मां लक्ष्मी को भोग अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। लोक्खी पूजा के माध्यम से बंगाली समाज के लोगों ने अपनी धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़कर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

डॉ. रवि जिंदल को मिला अवार्ड

जयपुर। ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल को व्यावसायिक संगठनों के विकास और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ऑनर ऑफ अशोका अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। चार्ल्स वाल्टर्स काउंसिल फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च की ओर से आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन और न्यायाधीश राजेश टंडन ने डॉ. जिंदल को सम्मानित किया। इससे पहले उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि, अटल बिहारी अचीवमेंट अवॉर्ड और थाईलैंड में भारत गौरव अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। जयपुर जिले के निवाना गांव में जन्मे डॉ. जिंदल को यह सम्मान मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और उनकी उपलब्धि को गांव के लिए गौरव का क्षण बताया।

बीपीसीएल के 4 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

जयपुर। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'ड्राइवफ्रेश' अभियान के तहत जयपुर जिले के चार पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। बीपीसीएल जयपुर टेरिटरी (रिटेल) की ओर से किए गए निरीक्षण में टोंक रोड स्थित श्री देव पेट्रोलियम, अजमेर रोड स्थित दादू दवाल डीजल्स, दूदू स्थित श्री एरो पेट्रोलियम और 22 गोदाम स्थित बोपी जयपुर आउटलेट शामिल रहे। कंपनी के अनुसार निरीक्षण के दौरान चारों पेट्रोल पंप निर्धारित मानकों पर खरे उतरे। यहां स्वच्छता और ग्राहक सुविधाओं से जुड़े नियमों का पालन पाया गया। अभियान के तहत विशेष रूप से शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, निगरानी और उचित रखरखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। बीपीसीएल की ओर से तकनीक के उपयोग और कर्मचारियों की निगरानी के माध्यम से स्वच्छता मानकों को बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। कंपनी का उद्देश्य पेट्रोल पंपों को केवल ईंधन भरवाने का स्थान नहीं, बल्कि यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक पड़ाव बनाना है। यह पहल विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले परिवारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में भी इसे महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

भामसं की जिला कार्यकारिणी घोषित

जयपुर। भारतीय मजदूर संघ जिला जयपुर का अधिवेशन राजा पार्क स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित हुआ। इसमें 600 से अधिक पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। अधिवेशन में श्रमिक हितों, लंबित मांगों के समाधान और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। अंतिम सत्र में नई जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें हनुमान सहाय शर्मा को जिला अध्यक्ष, अजय सक्सेना को जिला मंत्री और अक्षय कुमार मीणा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। उद्घाटन सत्र में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, सह-संगठन मंत्री हरिओम शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एसके राठौड़ सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत गुर्जर ने की। मुख्य वक्ता हरिवंश शर्मा ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों और श्रमिक हितों के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रमिक समस्याओं को संगठित रूप से उठाने और लंबित मांगों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। साथ ही राज्य सरकार से श्रमिकों और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे विधानसभा में प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया। अधिवेशन तीन सत्रों में आयोजित हुआ। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों, विभिन्न यूनियनों के बीच समन्वय और आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। महिला कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भोजन-प्रसादी के साथ अधिवेशन संपन्न हुआ।

महारैली के लिए 11 समितियां गठित

जयपुर। संविधान दिवस पर 26 नवंबर को बहुजन स्वराज संकल्प महारैली आयोजित होगी। इसकी तैयारियों को लेकर भीम आर्मी प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने देशभर के प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। पार्टी ने महारैली में 10 लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं राजस्थान प्रभारी सत्यपाल चौधरी के अनुसार तैयारियों के लिए 11 समितियां गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रचार-प्रसार और मीडिया की जिम्मेदारी सत्यपाल चौधरी तथा अमित कसाना को दी गई है। मंच, पंडाल, सुरक्षा, परिवहन, आवास, चिकित्सा, भोजन, वित्त और जनसंपर्क सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। चौधरी ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद स्वयं तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। प्रस्तावित महारैली को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले दलित, पिछड़े और मुस्लिम वर्गों के बीच पार्टी का जनाधार मजबूत करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है।

श्वेत जरी-गोटे की पोशाक में सजे ठाकुरजी

जयपुर। मंदिर श्री गोविंद देवजी महाराज में रविवार को शरद पूर्णिमा का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया और श्वेत जरी-गोटे की पोशाक धारण कराई गई। मंदिर में दिनभर विशेष धार्मिक अनुष्ठान और झांकियों के दर्शन हुए। मंगला झांकी के पश्चात ठाकुरजी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्वेत पार्चा जामा पोशाक, पुष्पों और विशेष अलंकारों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। ठाकुरजी को पूर्णिमा का विशेष मुकुट भी धारण कराया गया। मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी के अनुसार संध्या झांकी के बाद गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में शरद उत्सव की विशेष झांकी सजाई गई। रात्रि 7:15 से 7:30 बजे तक श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के विशेष दर्शन किए।

खड़े ट्रक से भिड़ी ट्रेवल्स बस, कंडक्टर की मौत, सवारियों को मामूली चोटें आई

हादसे में पीछे से एक कार भी आकर भीड़ गई, कार में सवार लोग घायल हो गए

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-48 पर एक साथ तीन गाड़ियां भीड़ गई। बताया जा रहा है कि हाइवे के किनारे खड़े एक ट्रक से निजी ट्रेवल्स की बस भीड़ गई। इसमें बस के कंडक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बस के अंदर की तरफ बैठी

■ **बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-48 पर हुआ हादसा**

सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। इसके पीछे ही एक कार भी आकर भीड़ गई, जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी देवेंद्र देवल ने बताया कि उदयपुर की ओर से एक ट्रक अहमदाबाद की ओर जा रहा था। ट्रक में आलू की बोरियां भरी हुई थी। भुवाली के पास हाइवे पर ट्रक खराब हो गया तो वह किनारे खड़ा था। शाम के समय उदयपुर से गुजरात की ओर जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस खड़े ट्रक से टकरा गई। बस के कंडक्टर साइड का हिस्सा ट्रक के पीछे की तरफ टकराया, जिससे दरवाजे के पास ही बैठे कंडक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। जोरदार टक्कर में बस के अंदर बैठी सवारियों को भी जोर का झटका लगा। कई सवारियों को चोटें भी आई। इसके कुछ देर बाद ही उदयपुर की ओर से आ रही एक कार फिर बस के पीछे से टकरा गई। हादसे में कार का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार को भी चोटें आई। सूचना पर बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। बस में बैठी सवारी खुद को संभालते हुए दूसरी गाड़ियों से आगे के लिए रवाना हो गए। वहीं बस कंडक्टर के शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।

सड़क हादसे में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

सीकर में कॉपर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

सीकर, (निसं)। सीकर की कोतवाली थाना पुलिस ने कंस्ट्रक्शन साइट पर कॉपर की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी आदतन नशेड़ी है, रोजाना 4-5 हजार की स्मैक का नशा करते हैं। इसी के लिए दोनों चोरी करते थे। आरोपी कंस्ट्रक्शन साइट पर चोरी करने के बाद कॉपर वायर को जलाकर उससे तांबा निकालते और फिर बेच देते थे।

कोतवाली थाना एसएचओ सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि आरोपी राहुल कुमार(22) पुत्र पप्पू कुमार निवासी वार्ड नंबर 64 और मुकेश वाल्मीकि (24) पुत्र प्रकाश वाल्मीकि निवासी वार्ड नंबर 64 को गिरफ्तार किया गया है। 23 अक्टूबर को पुलिस थाने में वार्ड नंबर 24

■ **दोनों आरोपी आदतन नशेड़ी हैं, रोजाना 4-5 हजार की स्मैक का नशा करते हैं**

निवासी नरसी ने मुकदमा दर्ज करवाया था। परिवादी ने कहा कि उसके घर और उनके पड़ोस में कंस्ट्रक्शन चल रहा था। यहां से कॉपर वायर सहित अन्य सामान चोरी हो गया। पिछले करीब डेढ़ साल में इस तरह की 20 से ज्यादा वारदात हो चुकी थी। ऐसे में पुलिस ने इस घटना के बाद लगातार सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी कॉपर वायर चोरी करने के बाद उसको भट्टी में जलाते और फिर उससे तांबा निकालकर मार्केट में बेच देते थे। पुलिस ने नशा करने वालों के परिवार से अपील है कि नशा करने वालों को नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करें। क्योंकि नशे का जुगाड़ नहीं होने पर वह इस तरह चोरी की वारदात करते हैं

पुलिस की इन्वेस्टीगेशन में सामने आया है कि आरोपी अव्वल दर्जे के नशेड़ी हैं, जो रोजाना करीब चार से पांच हजार रुपए का स्मैक का नशा करते हैं। आरोपी नशे के लिए ही चोरी की वारदात करते हैं। कई बार चोरी होने के बाद माल की राशि कम होने के चलते पीड़ित भी पुलिस में मुकदमा भी दर्ज नहीं करवाता। फिलहाल इन दोनों आरोपियों से उनके द्वारा की गई चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

दिल्ली से जैसलमेर एयर इंडिया की हवाई सेवा शुरू हुई

जैसलमेर, (निसं)। स्वर्णनगरी जैसलमेर में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में रविवार से एयर इंडिया की दिल्ली-जैसलमेर हवाई सेवा शुरू हुई। दिल्ली से सीधी हवाई कनेक्टिविटी मिलने से जैसलमेर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सुविधा मिलने और पर्यटन कारोबार को गति मिलने की उम्मीद है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले दिन दिल्ली से विमान दोपहर 1:30 बजे रवाना होकर दोपहर 3:20 बजे जैसलमेर पहुंचा। वापसी में विमान शाम 4:05 बजे जैसलमेर से रवाना होकर शाम 5:50 बजे दिल्ली पहुंचेगा। जैसलमेर अपने ऐतिहासिक सोनार दुर्ग, गड़ीसर सरोवर, प्राचीन हवेलियों, सम के रेतीले धोरों और अनूठी मरुस्थलीय संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। पर्यटन सीजन के दौरान दिल्ली से सीधी हवाई सेवा पर्यटकों के लिए यात्रा को आसान बना सकती है। अब पर्यटकों को कम समय में स्वर्णनगरी पहुंचने का विकल्प मिलेगा, जिससे पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है।

रेलवे काउंटर से टिकट लेने वालों को भी यात्रा बीमा मिलेगा

जोधपुर, (कासं)। रेलवे आरक्षण काउंटर से टिकट लेने वाले यात्री भी अब महज 45 पैसे प्रति यात्री प्रीमियम देकर यात्रा के दौरान संभावित दुर्घटना से आर्थिक सुरक्षा का विकल्प चुन सकेंगे। भारतीय रेल 27 अक्टूबर 2026 से पीआरएस काउंटरों पर टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए भी वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना शुरू करेगी। इसके तहत पात्र दुर्घटना की स्थिति में 10 लाख रुपए तक का बीमा कवरेज उपलब्ध होगा। बीमा लेने के लिए मोबाइल नंबर देना और डिजिटल भुगतान करना अनिवार्य होगा।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि अब तक यह सुविधा मुख्य रूप से आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी। नई व्यवस्था के तहत पीआरएस आरक्षण काउंटरों से टिकट बुक कराने वाले यात्री भी अपनी इच्छा और जरूरत के अनुसार बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। यह सुविधा देशभर में लागू होगी। यात्रा बीमा पूरी तरह वैकल्पिक रहेगा। यात्री की स्पष्ट सहमति के बिना बीमा नहीं दिया जाएगा। बीमा लेने के इच्छुक यात्रियों को मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। निर्धारित प्रीमियम का भुगतान टिकट किराए के साथ यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड अथवा क्यूआर कोड जैसे डिजिटल माध्यमों से ही किया जा सकेगा। नकद भुगतान करने वाले यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कर सहित प्रीमियम 45 पैसे प्रति यात्री निर्धारित है। पॉलिसी से संबंधित जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजने का प्रावधान किया गया है।

योजना की शर्तों के अनुसार, पात्र रेल दुर्घटना या निर्धारित अप्रिय घटना में मृत्यु अथवा पूर्ण स्थायी दिव्यांगता होने पर 10 लाख रुपए तक और स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर 7.5 लाख रुपए तक का बीमा कवरेज मिलेगा। चोट के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर उपचार खर्च के लिए 2 लाख रुपए तक तथा शव परिवहन के लिए 10 हजार रुपए तक का प्रावधान है। बीमा राशि का भुगतान पॉलिसी की शर्तों और निर्धारित पात्रता के अनुसार होगा। यह सुविधा कन्फर्म और आरएसी टिकटों पर लागू होगी। सामान्य एवं अनारक्षित टिकटों तथा बिना बर्थ या सीट के टिकट लेने वाले पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों पर यह योजना लागू नहीं होगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार आरक्षण काउंटरों पर जरूरी तकनीकी और परिचालन व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कर्मचारियों को बीमा विकल्प की जानकारी देने, यात्रियों की सहमति दर्ज करने और डिजिटल भुगतान प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाएंगे, ताकि सुविधा सुगमता और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इस पहल से ऑनलाइन टिकट बुक कराने के बजाय आरक्षण काउंटरों से टिकट लेना पसंद करने वाले यात्रियों को भी वैकल्पिक यात्रा बीमा चुनने का अवसर मिलेगा।

मांडल के गुड्डा गांव में कार पर पथराव के बाद हंगामा

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के गुड्डा गांव में रविवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ लोगों ने एक चलती कार को निशाना बनाते हुए जमकर पथराव कर दिया। इस अचानक हुए हमले में कार के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए। बताया जा रहा है कि पथराव के साथ-साथ कार सवार व्यक्ति के साथ हाथापाई और धक्का-मुक्की भी की गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। फायरिंग का भी आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

सूत्रों के अनुसार, रविवार की सुबह गुड्डा गांव स्थित स्कूल के पास भदालीखेड़ा नवनिर्वाचित सरपंच अख्तरी के पुत्र जुबेर पठान जोधपुर नंबर की एक कार से जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। इस उपद्रव में कार का अगला और साइड का शीशा बुरी तरह टूट गया। घटना के बाद से ही क्षेत्र में यह चर्चा है कि इस वारदात के पीछे पंचायत चुनाव की रंजिश हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलया

नसीराबाद, (निसं)। मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ में रविवार को आयोजित मेले के दौरान नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने नशे का त्याग करने तथा जीवन में दोबारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई और श्रद्धालुओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि रविवार को सबसे पहले राजगढ़ ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच पूजा रावत ने धाम पहुंचकर बाबा भैरव, मां कालिका और मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज से आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, गणपत सिंह और भोलासिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं नशामुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित रैली को मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज और सरपंच पूजा रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चम्पालाल महाराज ने रैली को रवाना किया।

रैली में शामिल श्रद्धालु नशामुक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। उनके हाथों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने वाले संदेश लिखी तख्तियां और बैनर थे। अविनाश सेन के अनुसार, चम्पालाल महाराज की प्रेरणा से धाम में पिछले कई वर्षों से नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नशे की लत छोड़ने का संकल्प लिया। कई श्रद्धालुओं ने नशे की वस्तुएं त्यागकर उन्हें चम्पालाल महाराज के चरणों में अर्पित किया।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चम्पालाल महाराज ने कहा कि भैरव बाबा की कृपा से इस पवित्र धाम से नशामुक्ति का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए। नशे का त्याग किए बिना शिक्षा से जुड़ना और सुखद भविष्य की दिशा में आगे बढ़ना कठिन है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज में नशे का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। नशा विनाश का कारण बनता है, जबकि शिक्षा विकास का रास्ता खोलती है। समाज को नई दिशा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने संदेश दिया, घर परिवार को बचाना है तोनशामुक्तिको अपनाना है।

रविवारीय मेले में सीकर जिले के बाल भजन गायक विरेन सेन ने बाबा भैरव और मां कालिका के भजनों की प्रस्तुति दी। जन्म से दृष्टिबाधित विरेन सेन ने शनिवार रात और रविवार सुबह अपनी मधुर आवाज में भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

मेले में शारदीय नवरात्र के घटस्थापना से दशमी तक प्रज्वलित रही अखंड ज्योति की विशेष चिमटी भी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। धाम की ओर से इसे विशेष औषधीय गुणों वाली चमत्कारी चिमटी बताया गया। रैली कीव्यवस्थाएंसंभालने में रमेश सेन, राहुल सेन, ताराचंद सेन, कैलाश सेन, दिलीप राठी, अजय बुढ़ानिया, सतीश सेन, सत्यनारायण, नवीन और शुभम सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

सहायक निदेशक की रिपोर्ट पर नरेश मीणा के खिलाफ मामला दर्ज

छबड़ा, (निसं)। डीएपी उर्वरक वितरण के दौरान हुए हंगामे, कृषि विभाग के कर्मचारियों को धक्का देकर हटाने और अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोपों को लेकर सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) ने नरेश मीणा के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले में अनुसंधान शुरू किया है।

सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुरेश कुमार मालव ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 21 अक्टूबर को छबड़ा में निजी विक्रेताओं को 148 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक प्राप्त हुआ था। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर किसानों को प्रति दुकान तीन-तीन बैग वितरित करने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई और पुलिस से जाप्ता उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। 22 अक्टूबर को दुकानों पर अत्यधिक भीड़ के कारण विक्रेता दुकानें नहीं खोल पाए।

इसकी सूचना तहसीलदार और थानाधिकारी को दी गई। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पेड़ों की टहनियां तोड़कर डंडे बना लिए और कृषि विभाग के कर्मचारियों को मारने के लिए उनके पीछे दौड़े। कर्मचारी मौके से भागकर अपनी जान बचाकर पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस के निर्देश पर डीलरों से टोकन तैयार करवाए गए और स्कूल मैदान में वितरण शुरू किया गया। कुछ समय बाद नरेश मीणा भी मैदान में पहुंचे। यहां भीड़ ने पुलिस और कृषि विभाग के कर्मचारियों को धक्का देकर वहां से हटा दिया। बाद में उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाधिकारी और तहसीलदार की मौजूदगी में नरेश मीणा के साथ वार्ता हुई। इस दौरान नरेश मीणा पर सहायक निदेशक कृषि के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

मांडल की लुहारिया ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव परिणाम पर विवाद

भीलवाड़ा, (निसं)। मांडल तहसील की लुहारिया ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव परिणाम को लेकर विवाद गहरा गया है। चुनाव में सरपंच पद के प्रत्याशी मुस्तफा खान पठान ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है और निष्पक्ष पुनः मतगणना की मांग की है।

प्रार्थी मुस्तफा खान पठान ने बताया कि वे ग्राम पंचायत लुहारिया से सरपंच पद के प्रत्याशी हैं। उनका आरोप है कि पहली बार हुई मतगणना में उन्हें 50 से अधिक मतों से विजयी घोषित किया गया था, लेकिन इसके बाद पुनः गणना करवाते हुए उन्हें 16 मतों से हारा हुआ घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मतों की गणना सही और संतुष्ट तरीके से नहीं कराई गई। नियमों को ताक पर रखकर वार्ड वार मतों की गणना करने के बजाय सभी मतों का एक साथ ढेर कर गणना करवाई गई। इसके अलावा, प्रक्रिया के दौरान किसी भी अन्य सरपंच प्रत्याशी के हस्ताक्षर भी नहीं करवाए गए।

प्रत्याशी ने यह भी आरोप लगाया है कि चुनाव कार्य में जुटे सरकारी कर्मचारी मिले हुए हैं और वे पिछले 3-4 दिनों से एक अन्य सरपंच प्रत्याशी के घर पर ही भोजन कर रहे थे। प्रार्थी ने निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और वार्ड-वार स्पष्ट रूप से पुनः मतगणना करवाई जाए।

कार से जेवर व नकदी चोरी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सेवाश्रम चौराहा पर खड़ी कार का कॉच फोड़ कर चोर पर्स से जेवर व नकदी चुरा ले गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता प्रतिक्षा दवे पत्नी विक्की श्रीमाली निवासी महावीर नगर सेक्टर 14 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता प्रतिक्षा दवे ने बताया कि 23 अक्टूबर को सांय सेवाश्रम पुलिया निचे कार खड़ी कर मेघा मेला देखने के लिए बीएन मैदान पर गई थी। जहां से वापस लौटी तो कार का कांच टूटा हुआ एवं सीट पर रखे पर्स से 1 लाख रूपये नकदी, मंगलसूत्र सहित अन्य जेवर व दस्तावेज गायब थे। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस की पूछताछ में गैंगस्टर के गुर्गे विष्णु साध से चौंकाने वाले खुलासे हुये

बीकानेर, (निसं)। धर्मनगर द्वार के बाहर रहने वाले सर्राफा व्यवसायी जुगल नारायण सोनी को गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से धमकी देकर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। गैंगस्टर रोहित के खास गुर्गे वीरेन्द्र चारण ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस इस मामले में शुक्रवार को गैंगस्टर के गुर्गे विष्णु साध और बड़े सर्राफा व्यवसायी मनीष लांबा को जयपुर से बीकानेर लेकर आई और उनसे पूछताछ की। एएसपी सिटी चक्रवर्ती सिंह राठौड़, सीओ सिटी अनुज डाल और नयाशहर पुलिस थाने के एसएचओ सुरजीत सिंह ने लगातार दो दिन तक पूछताछ की तो चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जो गैंगस्टर के खौफ के कारण उन्हें करोड़ों रुपयों की फिरौती दे चुके हैं और मुकदमे दर्ज नहीं कराए। पुलिस इसकी तस्दीक करने में जुटी है।

इसके अलावा यह भी सामने आया है कि स्थानीय लोग बड़े कारोबारियों की जानकारी गैंगस्टर तक पहुंचा रहे हैं। इनमें वो लोग भी शामिल हैं जो पहले गैंगस्टर को फिरौती दे चुके हैं और बाद में अपना पीछा छुड़ाने के लिए दूसरे कारोबारियों के नाम गैंगस्टर तक पहुंचा रहे हैं। पूर्व में भी पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों की जांच में इसका खुलासा हो चुका है। पुलिस डिटेन किए गए दोनों अभियुक्तों से दो दिन से पूछताछ कर रही है। कोटगेट थाने में दर्ज एक मामले में भी पुलिस को विष्णु की तलाश थी। उसके मनीष लांबा के ठिकाने पर मिलने से पुलिस लांबा के बारे में भी गहनता से छानबीन करने में जुटी है। पुलिस अधिकारी अभी अधिकृत रूप से कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से बीकानेर जिले में लॉरेंस और रोहित की गैंग लगातार सक्रिय रही है। बड़े कारोबारियों को लगातार धमकी देकर फिरौती मांगी जा रही है। इसके लिए कारोबारियों पर फायरिंग की घटनाएं भी कराई गई हैं। हैरानी की बात ये है कि गैंगस्टर के शहर में एक हजार से ज्यादा फॉलोअर्स बताए जा रहे हैं, लेकिन के हाथ उन तक नहीं पहुंच पा रहे।

■ **पूछताछ में ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जो गैंगस्टर के खौफ के कारण उन्हें करोड़ों रुपयों की फिरौती दे चुके हैं और मुकदमे दर्ज नहीं कराए, पुलिस इसकी तस्दीक करने में जुटी है**

व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में कारोबारी के घर उसकी पत्नी की मौजूदगी में गुर्गे भेजकर धमकाया गया। रोहित गोदारा के भेजे आरोपी नामजद हुए। जेठू सिंह, पंकज नायक, रतन सिंह पलाना व किशन सिंह उर्फ मजूम को नामजद कर जांच आगे बढ़ाई है। पूगल में जय प्रकाश ज्याणी ने 1 करोड़ की फिरौती नहीं दी तो उसके घर पर फायरिंग करवा दी। इस मामले में जितेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह उर्फ ढोलू हरियाणा) के खिलाफ जानलेवा हमले व रंगदारी की धाराओं में कार्रवाई की गई।

श्रीडूंगरगढ़ में कारोबारी जगदीश तावणिया से 5 करोड़ की फिरौती मांगी। पुलिस ने पारीक चौक निवासी 22 वर्षीय माधव पारीक को नामजद कर पकड़ा। नयाशहर थाना क्षेत्र में डॉ. श्यामसुन्दर अग्रवाल के घर देर घुसकर 25 लाख रुपये नकद और हर महीने 1 लाख रुपये की बंधी (मंथली) मांगी। इनकार करने पर दोपहर में उनके अस्पताल के चैंबर में घुसकर दोबारा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी विष्णु साध निवासी जस्सूसर गेट, अभिषेक पंवार, भवानी स्वामी को गिरफ्तार किया।

पिछले साल सितंबर में शार्दुल गंज निवासी सगे भाई और कारोबारी सुखदेव चायल और धनपत चायल को धमकाकर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी और नहीं देने पर उनके घर पर फायरिंग की गई। व्यास कॉलोनी निवासी शेयर मार्केट कारोबारी पीयूष श्रृंगारी को धमकी देकर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। होटल,ज्वैलरी और घी व्यवसायी दीपक पारीक को धमकी देकर फिरौती मांगी शहरी परकोटे में फिरौती के लिए एक कारोबारी जुगल राठी की कार पर फायरिंग की गई।

गैंगस्टर रोहित गोदारा का पता लगाने में बीकानेर की पुलिस पूरी तरह विफल रही है। उसका ठिकाना तक नहीं पता। फर्जी पासपोर्ट बनाकर दुबई भागने के बाद राजस्थान पुलिस की सिफारिश पर उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जून 2022 में जारी किया गया था। उसकी धरपकड़ के लिए इंटरपोल ने मार्च 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था, ताकि उसे दुनिया भर में यात्रा करने से रोका और गिरफ्तार किया जा सके। हाल ही में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में संलिप्तता सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने भी उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है।

ओमप्रकाश जोशी, रिटायर्ड आरपीएस का कहना है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां (पुलिस या जांच विभाग) अदालत या गृह मंत्रालय की अनुमति से ही कानूनी रूप से टेलीकॉम ऑपरेटर के माध्यम से संदिग्ध नंबरों के इंटरसेप्ट या टैप करती हैं। रोहित गोदारा जैसे गैंगस्टर को पकड़ने के लिए उसके संदिग्ध कॉल इंटरसेप्ट करना चाहिए। रोहित के परिवार, दोस्त, गुर्गों और उनके भी रिश्तेदारों के कॉल ट्रेस करने जरूरी हैं। इंटरसेप्ट की प्रक्रिया से टावर टू टावर एक रूट मैप बनता है, जिससे अपराधी तक पहुंचने में मदद मिलती है, लेकिन बीकानेर पुलिस के पास इस काम की एक्सपर्ट टीम ही नहीं है। शहर में कहां-कहां नशा बिक रहा है, कौन बेच रहा है, क्या पता नहीं है। पर, सब टारगेट पूरे कर वाहवाही लूट रहे हैं।

कार-बाइक की भिड़ंत में तीन गंभीर घायल

मसूदा, (निसं)। मसूदा-विजयनगर मार्ग पर रविवार सुबह मारुति कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से मसूदा उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक लीना बेनीवाल और नर्सिंग स्टाफ ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर तीनों को अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के लिए भेज दिया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शेरगढ़ के समीप लालावास निवासी पांचू, रामप्रसाद और छोटी मसूदा से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल की मारुति कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस और निजी एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मसूदा पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने जानकारी जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उदयपुर में फुटपाथी दुकानों में आग लगी

आगजनी में फुटपाथी दुकान में रखे कपड़े जल गये।

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर शहर के सेवाश्रम पुलिया के समीप लगने वाले सन डे मार्केट की फुटपाथी दुकानों में रविवार शाम अचानक आग लग गई। करीब चार दुकानें आग की चपेट में आ गई। घटना करीब 2.30 बजे की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची दो दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शहर के ठोकर चौराहे से सेवाश्रम पुलिया तक हर रविवार को सन डे मार्केट लगता है जहां ठेलों व फुटपाथ पर अपनी दुकानें लगाकर व्यापारी सामान बेचते हैं। रविवार को सेवाश्रम पुलिया पर चार दुकानों में कपड़ों में अचानक आग लग गई और आग इतनी तेजी से कपड़ों में फैली की व्यापारी अपना सामान भी नहीं हटा सके और जान बचाकर वहां से भागे। आग की सूचना पर दो दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से फुटपाथ पर लगी चार दुकानों के कपड़े जलकर राख हो गए। वहीं कपड़ों के साथ रखी करीब चार हजार रूपए की राशि भी जल गई।

कई बार वह अपने भविष्य के बारे में सोचती हैं और खुद से सवाल करती हैं कि आखिर वह कितने समय तक टेनिस खेलना जारी रखेंगी। उनकी वापसी के इस दौर में परिवार और बेटी की जरूरतें भी उनके फैसलों को प्रभावित कर सकती हैं।

– नाओमी ओसाका

जापान की टेनिस खिलाड़ी, अपने खेल को जारी रखने को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — शार्दुल ठाकुर

ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर चोट के कारण हरियाणा के खिलाफ मुंबई के तीसरे दौर के रणजी ट्रॉफी मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। मुंबई और हरियाणा के बीच यह मुकाबला सोमवार से मुंबई के बीकेसी कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। चोट के चलते ठाकुर पहले दो दौर के मुकाबलों से भी बाहर रहे थे। ठाकुर को रणजी ट्रॉफी के पहले दौर का मुकाबला शुरू होने से पहले अभ्यास के दौरान दाएं हाथ की मध्यमा उंगली में चोट लगी थी। जांच में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, उन्हें कम से कम पहले दो दौर के मुकाबलों से बाहर रहना था।

क्या आप जानते हैं ?... युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने और एक कैलेंडर वर्ष में 100 से अधिक छक्के लगाने का भारतीय रिकॉर्ड बनाया है।

भारत ने जिम्बाब्वे को 121 रनों से हराकर सीरीज में जमाया कब्जा, कौर-दीप्ति ने लगाया शतक

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। भारतीय महिला टीम ने वडोदरा में खेले गए दूसरे वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 121 रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती है। हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने शतकीय पारी खेली।

रविवार को भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के दो विकेट जल्दी गिर जाने के बाद हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने पारी को संभाला औकर 124 रनों की साझेदारी की। 148 पर चौथा विकेट आउट होने के बाद दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर हरमनप्रीत कौर ने 153 रनों की साझेदारी की और भारत के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया। भारत ने जिम्बाब्वे को 329 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर ने शतकीय पारी खेली। भारत ने पहला वनडे मैच 9 विकेट से जीता था, हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ने के बाद पहला शतक जड़ा।

भारत को पहले ओवर में ही चौथी गेंद पर बड़ा झटका लगा। 1 रन जब टीम का स्कोर था तब कप्तान स्मृति मंधाना बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं। भारत ने 19 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट भी खोया। शैफाली वर्मा 8 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुईं। हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने साझेदारी को आगे बढ़ाया। प्रतिका रावल 61 (67) रन बनाकर आउट हुईं।

युवा बल्लेबाज तेजल हसबनीस 5 गेंदों में 3 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तानी छोड़ने के बाद हरमनप्रीत कौर ने अपना पहला शतक जड़ा। आखिरी टी-20 मैच में वे शतक से चूक गई थीं, लेकिन इस बार कसर पूरी कर दी। दीप्ति शर्मा ने भी शतक जड़ा। दीप्ति ने 106 (86) रनों की पारी खेली, जबकि हरमनप्रीत कौर 126 (121) रन बनाकर आउट हुईं। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज भारत के खिलाफ संघर्ष किया। उन्हें आउट करने में मुश्किलें पेश आईं, लेकिन जिम्बाब्वे आखिरकार बड़े अंतर से हारा।

जिम्बाब्वे की टीम के लिए मोडेस्टर मुपाचिकवा जो एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं ने 49 रनों की पारी खेली। चिपो मुगेरी-तिरिपानो ने 46 और पिछले मुकाबले में 62 रन बनाने वाली बिलव्ड बिजा ने 34 रन बनाए। कप्तान जोसेफिन नकोमो ने 18 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से इस मैच में वैष्णवी शर्मा ने चार, दीप्ति शर्मा ने 3 और सयाली सतघरे, श्री चरणी और जिंतिमनी कलिता ने 1-1 विकेट लिए। सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच 28 अक्टूबर को वडोदरा में खेला जाएगा।

रूस को 2030 विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप की मेजबानी

पेरिस, 25 अक्टूबर। रूस को अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर बड़ी कामयाबी मिली है। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने मॉस्को को वर्ष 2030 में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी है। 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यह पहला मौका है, जब किसी ओलंपिक खेल के अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने रूस को विश्व स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का अधिकार दिया है। आईडब्ल्यूएफ ने अपने बयान में कहा कि वर्ष 2029 की सीनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप भारत के अहमदाबाद में आयोजित होगी, जबकि 2030 के संस्करण की मेजबानी मॉस्को करेगा। महासंघ के महासचिव जोस क्विनोनेस ने कहा कि मेजबानी के लिए प्राप्त सभी प्रस्ताव उत्कृष्ट थे और उन्हें विश्वास है कि संबंधित देशों में प्रतियोगिताएं सफल रहेंगी। रूसी भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष अलेक्जेंडर विनोकुरोव ने मेजबानी के लिए आईडब्ल्यूएफ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रूस के पास उच्चस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का पर्याप्त अनुभव और क्षमता है। उनके मुताबिक, मॉस्को पहले भी कई बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी कर चुका है और वहां आधुनिक खेल सुविधाएं मौजूद हैं। रूसी महासंघ ने इस फैसले को देश के खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उसके अनुसार, कई वर्षों बाद किसी ओलंपिक खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था से रूस को शीर्ष स्तर की आधिकारिक प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। वर्ष 2030 की चैंपियनशिप 2032 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफाइंग प्रतियोगिता भी होगी।

दृष्टि तिवारी ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

जयपुर, 25 अक्टूबर। जयपुर के विद्याधर नगर स्थित श्रीराम स्पोर्ट्स किंगडम में आयोजित वाइपर नेशनल कराटे ओपन चैंपियनशिप-2026 में अबू रोड की दृष्टि तिवारी ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दृष्टि ने सब-जूनियर अंडर-35 किलोग्राम भारवर्ग में 12 राज्यों से आए खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में दृष्टि के भाई दृश्य तिवारी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर अंडर-40 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में करीब 300 राष्ट्रीय स्तर के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। दृष्टि और दृश्य अबू रोड में कोच धनराज सिंह और कुंदन कुमार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

18वें अजीम गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

जयपुर, 25 अक्टूबर। शहर में 18वें अजीम गोल्ड कप 20-ओवर नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को सुबह 10:30 बजे गणपति नगर रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में केएल सैनी स्टेडियम और अब्बास क्रिकेट क्लब की टीमें आमने-सामने होंगी। उद्घाटन समारोह में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के पूर्व चेयरमैन राजीव अरोड़ा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान, जयपुर शहर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जाकिर गुडेज, जयपुर क्लब के चेयरमैन विनोद माथुर और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के पूर्व सचिव इकबाल खान अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

दौसा अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल में 105 खिलाड़ियों ने लिया भाग

दौसा, 25 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नवंबर में आयोजित होने वाली अंडर-14 क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए दौसा जिला टीम के चयन ट्रायल रविवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम में आयोजित किए गए। ट्रायल में करीब 105 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। जिला क्रिकेट संघ दौसा के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों के जन्म प्रमाण पत्र, डिजिटल बोनाफाइड प्रमाण पत्र, खिलाड़ी एवं उनके माता-पिता के आधार कार्ड तथा पिछले तीन वर्षों की मूल अंकतालिकाओं की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिले की टीम को बेहतर बनाने के लिए पहले तीन दिवसीय यो-यो फिटनेस कैंप आयोजित किया जाएगा। इसके बाद ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों में से करीब 60 से 70 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर टीमें बनाई जाएंगी। इन टीमों के बीच दौसा स्टेडियम में अभ्यास मैच खेले जाएंगे। अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर वरिष्ठ चयन समिति जिला टीम का चयन करेगी।

जूनियर नेशनल तीरंदाजी में वासु यादव को रजत

राजस्थान की पुरुष कंपाउंड टीम ने भी जीता रजत पदक

जयपुर, 25 अक्टूबर। जयपुर के जगतपुरा स्थित तीरंदाजी रेंज पर आयोजित 46वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में राजस्थान के वासु यादव ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं, राजस्थान की पुरुष टीम ने भी रजत पदक हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया। व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में वासु यादव को महाराष्ट्र के मानव गणेशराव जाधव ने 147-145 के अंतर से हराया। टीम स्पर्धा में राजस्थान ने महाराष्ट्र के खिलाफ 228-230 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान की रजत पदक विजेता टीम में प्रद्युम्न यादव, वासु यादव, प्रबल प्रताप और आर्यन पारीक शामिल रहे। महाराष्ट्र ने स्वर्ण और आंध्र प्रदेश ने कांस्य पदक जीता। पदक समारोह में राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, डॉ. सुबेध देवनाथ और संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने पदक विजेताओं को सम्मानित कर उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता कोऑर्डिनेटर अनिल जोशी ने बताया कि 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित चैंपियनशिप में आगामी मुकाबले इंडियन राउंड श्रेणी में होंगे। देशभर से आए जूनियर तीरंदाज विभिन्न स्पर्धाओं में पदकों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

एलेना रिबाकिना ने निंगबो ओपन का खिताब अपने नाम किया

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। दुनिया की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने एक बार फिर अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए निंगबो ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कजाखस्तान की रिबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडेज को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरी बार यह खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ उन्होंने दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी बनने के बाद अपना पहला खिताब भी हासिल है। शीर्ष वरीयता प्राप्त रिबाकिना ने पूरे मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को संभलने

का ज्यादा मौका नहीं दिया। उन्होंने महज 73 मिनट में मैच खत्म कर दिया। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी फर्नांडेज ने मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन रिबाकिना की दमदार सर्विस और सटीक शॉट के सामने उनकी एक नहीं चली।

इस जीत के साथ 27 वर्षीय रिबाकिना ने इस साल अपना चौथा खिताब हासिल किया है। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट और यूएस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं। उनके करियर का यह 15वां महिला टेनिस संघ खिताब है। इस साल लगातार बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण वह सत्र के अंत तक दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बने रहने की अपनी दावेदारी भी मजबूत कर रही हैं।

फ्रेंच ओपन के फाइनल में हारी पीवी सिंधु, एन से-यंग ने जीता खिताब

पेरिस, 25 अक्टूबर। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ फ्रेंच ओपन 2026 का खिताब जीतने से चूक गईं। उन्हें रविवार को खेले गए महिला एकल के फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी एन से-यंग के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। एरिना ग्रैंड पेरिस में खेले गए फाइनल में सिंधु ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-16 से जीत लिया। हालांकि, इसके बाद एन से-यंग ने जोरदार वापसी की। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 21-11 से जीत दर्ज कर मुकाबले में बराबरी की और फिर तीसरे गेम में 21-12 से जीत हासिल करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधु ने सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची को 21-10, 20-22, 21-16 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, खिताबी मुकाबले में वह अपनी शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सकीं। इस जीत के साथ एन से-यंग ने सिंधु के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड भी कायम रखा।

अनऑफिशियल टेस्ट : दूसरे दिन का खेल खत्म, पडिक्कल और सुदर्शन ने संभाली पारी

लिंकन (न्यूजीलैंड), 25 अक्टूबर। इंडिया-ए और न्यूजीलैंड-ए के बीच खेले जा रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। पहली पारी में महज 113 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम ने दूसरी पारी में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए हैं। इंडिया ए अभी भी न्यूजीलैंड-ए से 98 रन पीछे है। मेजबान टीम ने पहली पारी में 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

दूसरे दिन भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पांच रन बनाकर आउट हो गए, जबकि केएल राहुल सिर्फ चार रन ही बना सके। दोनों बल्लेबाज पहली पारी में भी खास योगदान नहीं दे पाए थे। दूसरी पारी में महज 10 रन के स्कोर पर दो विकेट गिरने के बाद देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने जिम्मेदारी संभाली और न्यूजीलैंड-ए के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 96 रन की अटूट साझेदारी की।

दिन का खेल समाप्त होने तक पडिक्कल 89 गेंदों पर नाबाद 56 रन बना चुके थे, जबकि साई सुदर्शन ने 104 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 39 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड-ए ने दूसरे दिन सुबह अपनी पहली पारी तीन विकेट पर 135 रन से आगे बढ़ाई और 89.3 ओवर में 317 रन बनाए। इस तरह उसे पहली पारी के आधार पर 204 रन की बढ़त मिली। न्यूजीलैंड-ए के कप्तान रीस मारियू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 137 गेंदों पर 76 रन बनाए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 51 रन की पारी खेली। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज कर्टिस हीफी ने 44, क्रिस्टियन क्लार्क ने 42 और विकेटकीपर मिशेल हे ने 24 रन का योगदान दिया।

लंकाशायर से 25 साल का नाता टूटा, फिर भी जेम्स एंडरसन ने क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का लंकाशायर के साथ 25 साल पुराना रिश्ता अब खत्म होने जा रहा है। काउंटी क्रिकेट क्लब ने उनके कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। 44 साल के एंडरसन ने रविवार, 25 अक्टूबर को इस फैसले की जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने अपने बयान में क्रिकेट से संन्यास लेने का कोई ऐलान नहीं किया है। एंडरसन ने साफ किया कि वह खुद इस रिश्ते को खत्म नहीं करना चाहते थे। एंडरसन ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए लिखा कि वह बचपन से ही लंकाशायर का समर्थन करते आए हैं। इस क्लब के लिए 25 साल तक खेलना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा कि ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेलने के लिए उतरना हमेशा उनके लिए खास रहा है। इस दौरान उन्होंने कई यादगार पल बिताए, जिनमें टीम की कप्तानी करना भी शामिल है। एंडरसन ने यह भी कहा कि अगर फैसला उनके हाथ में होता, तो उनका सफर इस तरह खत्म नहीं होता। इसके बावजूद उन्होंने टीम के खिलाड़ियों और प्रशंसकों के अच्छे भविष्य की कामना की। लंकाशायर क्लब ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के साथ ही क्लब के लिए एंडरसन का खेल करियर भी समाप्त हो जाएगा।

विराट कोहली ने शुरू की न्यूजीलैंड वनडे सीरीज की तैयारी

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व कप्तान कोहली का रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया स्थित ब्रेबॉर्न स्टेडियम में बैटिंग प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। कोहली ने नेट पर करीब दो घंटे बिताए और इस दौरान तेज गेंदबाजों के साथ स्पिनरों का सामना किया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है, जिसके बाद दोनों टीमों पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी।

राजस्थान को उत्तराखंड के खिलाफ पहली रणजी जीत की तलाश

जयपुर, 25 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच चार दिवसीय मुकाबला 26 से 29 अक्टूबर तक देहरादून में खेला जाएगा। मैच से पहले रविवार को दोनों टीमों ने मैदान पर जमकर अभ्यास किया। राजस्थान की टीम इस मुकाबले में उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। अब तक दोनों टीमों के बीच दो रणजी मुकाबले खेले गए हैं। वर्ष 2021-22 में तिरुवनंतपुरम में हुए मैच में उत्तराखंड ने राजस्थान को 299 रन से हराया था, जबकि वर्ष 2024-25 में देहरादून में खेला गया मुकाबला ड्रॉ रहा था।

पिछले मुकाबले में लोमरोर का तिहरा शतक – पिछले सत्र में देहरादून में खेले गए मुकाबले में राजस्थान के महिपाल लोमरोर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 300 रन की पारी खेली थी। इसी मैच में राजस्थान के अनिकेत चौधरी ने पांच विकेट हासिल किए थे। उत्तराखंड की ओर से युवराज चौधरी ने 158 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया था।

वहीं, वर्ष 2021-22 में राजस्थान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उत्तराखंड के मयंक मिश्रा ने 44 रन देकर सात विकेट झटके थे। इस बार राजस्थान की टीम पिछले प्रदर्शन से सबक लेते हुए जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास करेगी।

बेंच प्रेस में बीकानेर की चार टीम चैम्पियनशिप जयपुर के खिलाड़ियों ने जीते छह स्वर्ण

जयपुर, 25 अक्टूबर। रेलवे इंस्टीट्यूट, जयपुर में आयोजित 31वीं राज्यस्तरीय इक्विप्ड बेंच प्रेस प्रतियोगिता में बीकानेर ने छह में से चार टीम चैंपियनशिप जीतकर अपना दबदबा बनाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 जिलों के 230 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बीकानेर ने सीनियर महिला, जूनियर पुरुष, सब-जूनियर बालक और सब-जूनियर बालिका वर्ग की टीम चैंपियनशिप जीती। जोधपुर ने सीनियर पुरुष और जूनियर महिला वर्ग में खिताब अपने नाम किए।

जोधपुर के किशनाराम ने सीनियर और जूनियर पुरुष वर्ग में स्ट्रॉन्ग मैन का खिताब जीता। उन्होंने 59 किग्रा भार वर्ग में 150 किग्रा वजन उठाया। सीनियर महिला वर्ग में जयपुर की पूनम स्ट्रॉन्ग वुमन बनीं। जूनियर महिला वर्ग में बीकानेर की भूमिका सारस्वत, सब-जूनियर बालक वर्ग में जोधपुर के व्योम जावा और सब-जूनियर बालिका वर्ग में बीकानेर की सिद्धि कुमारी पांडे ने भी संबंधित वर्गों में स्ट्रॉन्ग खिताब हासिल किए।

जयपुर के छह खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

मेजबान जयपुर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में छह स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में नीतू चौहान ने मास्टर्स-2 के 63 किग्रा और रिया कंवर ने जूनियर के 76 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में निखिल जाजोतर ने जूनियर 105 किग्रा, महेश खंडेलवाल ने मास्टर्स-3 के 59 किग्रा, आदित्य चौधरी ने सब-जूनियर 83 किग्रा और ऋषि टोपिया ने सब-जूनियर 105 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

राजस्थान सीनियर फुटबॉल चैम्पियनशिप में जयपुर उपविजेता पेनल्टी शूटआउट में कोटा से मिली हार, अनुज ने किया गोल

माउंट आबू, 25 अक्टूबर। राजस्थान राज्य सीनियर पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 में जयपुर जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। लंबे अंतराल बाद मिली इस सफलता से जयपुर फुटबॉल जगत में उत्साह का माहौल है। सेमीफाइनल में जयपुर का मुकाबला श्रीगंगानगर से हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में जयपुर ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जयपुर का सामना कोटा से हुआ। जयपुर की ओर से अनुज ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन मुकाबले के अंतिम क्षणों में कोटा ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। निर्धारित

समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में जयपुर को हार का सामना करना पड़ा और टीम उपविजेता रही। टीम की इस उपलब्धि का श्रेय कोच विश्वजीत सिंह के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की मेहनत एवं सामूहिक प्रयास को दिया गया। जयपुर जिला चयन समिति के सदस्य सतीश जांगिड़ और हितेश शर्मा ने वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। जयपुर टीम की यह सफलता जिले में फुटबॉल के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने और भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।

आरसीए अंडर-16 क्रिकेट कैम्प आज से

जयपुर, 25 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-16 बालक क्रिकेट खिलाड़ियों का कैंप 26 अक्टूबर 2026 से आरसीए एकेडमी, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। कैंप के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के 39 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अलवर से तविश शर्मा, नमन यादव और कृष्णा चौधरी; बांसवाड़ा से वत्सल पारिख; बारां से अरसलान खान; भरतपुर से अनमोल, निशचल शर्मा और भावेश बघेल; भीलवाड़ा से दैविक सोमानी और अवि सुवालका; बीकानेर से दक्ष सेठिया, मयंक और आदित्य रांगा; चूरू से दिव्यांशु धतरवाल और अंज शर्मा तथा धौलपुर से कौस्तव धनकर और हर्षित यादव शामिल हैं। इसी प्रकार डूंगरपुर से केदार चौधरी; जयपुर से कुमार वासुदेव, आदित शर्मा, बृजेश यादव, वशिष्ठ शर्मा, लव्य गुप्ता और सचिन मीणा; जैसलमेर से शहजाद अली खान; जालोर से गीतांश पुरोहित; जोधपुर से साहिल खान और विवान गर्ग; करौली से तनिष्क भारद्वाज; कोटा से निलय अरोड़ा और विवेक बागड़ी; सवाई माधोपुर से निधिश राज और कुशाग्र उपाध्याय; सीकर से आदित्यराज बादसरा और लवमीत गुर्जर; सिरोही से आदित्य यादव; श्रीगंगानगर से सुशांत बसंत तथा उदयपुर से खुशवर्धन सिंह चौहान और हिमांशु जंवार का चयन किया गया है। कैंप में चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।

स्क्वैश नेशनल के मुख्य ड्रॉ में राजस्थान के 14 खिलाड़ी

जयपुर, 25 अक्टूबर। सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के सात खिलाड़ियों ने रविवार को क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर मेन ड्रॉ में जगह बनाई। मुख्य ड्रॉ के मुकाबले सोमवार से एसएमएस स्टेडियम के स्क्वैश कोर्ट्स पर खेले जाएंगे। राजस्थान के कुल 14 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में चुनौती पेश करेंगे।

क्वालिफाइंग मुकाबलों में बॉयज अंडर-11 में अमय महाजन और प्रथम चौधरी, बॉयज अंडर-13 में वीर श्रृंगी, गर्ल्स अंडर-11 में अनम यादव, गर्ल्स अंडर-15 में राशि चौधरी, बॉयज अंडर-15 में धैर्य गोगिया और गर्ल्स अंडर-17 में गौरी जायसवाल ने जीत दर्ज कर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

मुख्य ड्रॉ में बॉयज अंडर-11 में युवान वर्मा, अमय महाजन और प्रथम

चौधरी तथा गर्ल्स में गौरवी अजमेरा, इनाया अन्द्रावी और अनम यादव खेलेंगी। बॉयज अंडर-13 में जैन अली और वीर श्रृंगी, गर्ल्स में दिव्यांशी जैन, बॉयज अंडर-15 में फरीद अन्द्रावी और धैर्य गोगिया, गर्ल्स में राशि चौधरी, गर्ल्स अंडर-17 में गौरी जायसवाल तथा बॉयज अंडर-19 में सुभाष चौधरी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

गौरवी को शीर्ष वरीयता

राजस्थान की गौरवी अजमेरा को गर्ल्स अंडर-11 में शीर्ष वरीयता दी गई है, जबकि इनाया अन्द्रावी को तीसरी वरीयता मिली है। बॉयज अंडर-11 में युवान वर्मा, बॉयज अंडर-13 में जैन अली और गर्ल्स अंडर-15 में दिव्यांशी जैन को तीसरी वरीयता मिली है। वहीं, बॉयज अंडर-15 में फरीद अन्द्रावी दूसरी वरीयता के साथ उतरेंगे। प्रतियोगिता की आयोजन सचिव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी सुरभि मिश्रा ने बताया कि मुख्य ड्रॉ के मुकाबले सोमवार सुबह नौ बजे से शुरू होंगे।

राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों का दमखम

लोसल (सीकर), 25 अक्टूबर। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में लोसल स्थित शेखावाटी पब्लिक स्कूल में आयोजित राजस्थान राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में रविवार को अंडर-11 और अंडर-13 वर्ग के मुख्य ड्रॉ के मुकाबले खेले गए। बालक-बालिका एकल और युगल वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई मुकाबले तीन गेम तक चले। अंडर-13 बालिका एकलके राउंड ऑफ 16 में काव्या चौधरी, अविका मीणा, मिशिका शर्मा, राशि सिंघल, यद्विका बेनीवाल, अरवी सैनी, प्रांजल कुमारी धाकर और मिराया फागेरिया ने जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में काव्या ने अविका को 15-2, 15-6 से, अरवी ने यद्विका को 15-13, 15-13 से और मिराया ने प्रांजल को 15-9, 15-2 से हराया। अंडर-13 बालक एकलमें लोकेश गुर्जर ने मेहताब सिंह बैंस को क्वार्टर फाइनल में 15-10, 15-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। राउंड ऑफ 16 में नातिक बंसल, पार्थ भाकर, वैभव कटेवा, लक्ष्यित रेवाड़, हर्षवर्धन सिंह भदौरिया और रक्षित सिंह मेहरा सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी जीत हासिल की।

पंचायत चुनाव जीतने के लिए विकास का संदेश गाँव-गाँव पहुँचाएं- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने खाटूश्याम जी में सीकर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया

-कार्यालय संवाददाता-

सीकर, 25 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के खाटूश्यामजी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम का 139वां ऐपिसोड सुना। इससे पूर्व उन्होंने श्री श्याम बाबा के मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सीकर जिले के समग्र विकास के लिए सात हजार करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाएं हैं।
- मुख्यमंत्री ने खाटूश्याम जी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को खाटूश्यामजी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम का 139वां ऐपिसोड सुना।

मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव की जीत का मंत्र दिया और गांव-गांव तक विकास का संदेश पहुंचाने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, भाजपा सरकार ने ई.आर.सी.पी. व यमुना जल समझौता, नर्मदा जल करार, युवाओं को 1.93 लाख सरकारी नौकरियां देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाएं है। करीब 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। सरकार ने सीकर जिले के समग्र विकास के लिए लगभग 7000 करोड़ के विकास कार्यों को गति दी है। शेखावाटी की ऐतिहासिक 662 हवेलियों का संरक्षण किया है। बाबा श्याम की कृपा से हंसियावास में 800 करोड़ रुपये की लागत का रिजर्वायर बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने आव्हान किया कि, निकाय चुनाव की तरह ही पंचायत चुनाव में भी भाजपा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटें और गांवों की जनता का भरोसा जीतें। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रत्येक गांव-ढाणी तक जाएं और जनता-जनार्दन से सीधा संवाद स्थापित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा, संगठन-निष्ठा और अनुशासन से गांवों में विकास का संदेश पहुंचाएं और इन पंचायत चुनावों में हर बूथ पर कमल खिलाएं।

मुख्यमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, सीकर जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, विधायक गोरधन वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

दिसंबर से एयर इंडिया की उड़ानें नवी मुंबई से उड़ेंगी

मुंबई, 25 अक्टूबर। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को स्थानांतरित करने को लेकर बना गतिरोध अब खत्म होता दिख रहा है। भारत की दो सबसे बड़ी एयरलाइंस, एअर इंडिया ग्रुप और इंडिगो, इसके लिए सहमत हो गई हैं। एअर इंडिया दिसंबर से और इंडिगो अगले साल फरवरी से अपनी उड़ानें वहां से शुरू करेंगी।

- इंडिगो भी फरवरी से अपनी उड़ानें नवी मुंबई शिफ्ट करेगा।

अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड का कहना है कि लगभग 30 लाख यात्रियों को वहां भेजने से के टर्मिनल 1 के चरणबद्ध पुनर्विकास के लिए जरूरी जगह मिल जाएगी। पहले चरण का लक्ष्य लगभग 50 लाख यात्रियों को नवी मुंबई स्थानांतरित करना है, जिससे में सुरक्षा को बेहतर बनाने, आधुनिकीकरण करने, यात्री सुविधाओं को अपग्रेड करने और हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

रणथंभौर में बाघिन तीन शावकों के साथ दिखी

सवाई माधोपुर (निस) । रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के जोन-8 में रविवार सुबह लगभग 4.5 वर्ष की बाघिन-2403 को अपने शावकों के साथ विचरण करते हुए देखा गया।

उप वन संरक्षक रणथंभौर बाघ परियोजना मानस सिंह ने बताया कि डायरेक्ट साइटिंग में 3 शावक देखने को मिले। हालाकि यह संख्या कैमरा ट्रैप के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान सफारी पर आए पर्यटकों को भी बाघिन एवं उसके शावकों के दीदार हुए।

- वन विभाग बाघिन व शावकों पर नज़र रख रहा है, ताकि उनके प्राकृतिक विचरण में व्यवधान नहीं हो ।



रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की फील्ड टीम द्वारा बाघिन -2403 की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में आज सुबह बाघिन को शावकों के साथ देखा गया। पर्यटकों द्वारा भी इस दृश्य को देखा जाना रणथम्भौर के वन्यजीव पर्यटन के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा।

वन विभाग की टीम बाघिन एवं उसके शावकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

वन विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि सफारी के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, वन्यजीवों से उचित दूरी बनाए रखें तथा उनके प्राकृतिक व्यवहार में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें।

विदेशी महिला को गोपनीय जानकारी लीक करने वाला पूर्व सैन्य अधिकारी गिरफ्तार

वैल्लोर निवासी पूर्व अधिकारी एक साल पहले एक विदेशी महिला के हनी ट्रैप में फंस गया था

वेल्लोर, 25 अक्टूबर। तमिलनाडु के वेल्लोर से सेना के एक 52 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया के जरिए हनी-ट्रैप में फंसकर, रक्षा और सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां एक विदेशी महिला को लीक की थीं।

आरोपी की पहचान बाबू के रूप में हुई है, जो एक साल पहले सेवानिवृत्त होने से पहले 28 वर्षों तक भारतीय सेना में कार्यरत था। पुलिस के अनुसार, लगभग एक साल पहले एक अज्ञात महिला ने वॉट्सएप के जरिए बाबू से संपर्क किया था।

- यह पूर्व अधिकारी सेना के दफ्तरों से सम्पर्क करके जानकारियाँ जुटा विदेशी महिला को दे रहा था।

इसके बाद बाबू हनी-ट्रैप में फंसकर संवेदनशील जानकारियां लीक कर रहा था। यहां तक कि जो विवरण उसके पास नहीं होते थे, वह सेना के दफ्तरों में संपर्क कर जुटाता और आगे भेज देता था। आरोपी बाबू (52) वेल्लोर जिले के कनियामबाडी के पास कीझवल्लम गांव का रहने वाला है।

जानाकारी के अनुसार, विदेशी महिला एजेंट ने पहले अनुचित बातचीत के जरिए बाबू से जान-पहचान बढ़ाई और फिर धीरे-धीरे उससे भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी मांगनी शुरू कर दीं। संदेह है कि बाबू पिछले एक साल से सेना की गोपनीय जानकारी और सैन्य उपकरणों से जुड़े विवरण लीक कर रहा था।

केंद्रीय खुफिया अधिकारियों ने पूछताछ के लिए बाबू को हिरासत में लिया और वेल्लोर ग्रामीण पुलिस स्टेशन को सौंप दिया।

जांचकर्ता अब उस महिला की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं जिसने बाबू से संपर्क किया और उससे गोपनीय जानकारियां हासिल कीं। वे यह भी पता लगा रहे हैं कि वॉट्सएप अकाउंट कौन चला रहा था और क्या इस संदिग्ध जानकारी लीक में कोई विदेशी नागरिक या विदेशी संगठन शामिल था। मामले की आगे की जांच जारी है।

अजित पवार गुट ने फड़णवीस से वित्त विभाग मांगा

मुंबई, 25 अक्टूबर। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और एनसीपी (अजित पवार गुट) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने रविवार को बताया कि पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर वित्त विभाग की मांग की है। हालांकि, उन्होंने राज्य में मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों को खारिज कर दिया। जब उनसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय की अटकलों के बारे में पूछा गया, तो भुजबल ने पत्रकारों से कहा कि यह मामला अब बंद हो चुका अध्याय है। ज्ञातव्य है कि एनसीपी नेता और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार (जिनका इस साल जनवरी में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था) के पास भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में वित्त विभाग था। फिलहाल वित्त विभाग मुख्यमंत्री फडणवीस के पास है।

हम रियाद हवाई अड्डा जमींदोज़ करेंगे, यात्री दूर रहें- हूती

रियाद पर आ रही मिसाइल सऊदी अरब ने नष्ट की, टुकड़े मक्का और जेद्दा में गिरे

रियाद (सऊदी अरब) /अदन (यमन)/तेहरान (ईरान), 25 अक्टूबर। ईरान समर्थित आतंकी समूह हूती ने हवाई यात्रियों को चेतावनी दी है कि वह सऊदी राजधानी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दूर रहें। हूती ने कहा कि यह असुरक्षित है और उनके लड़ाकों के निशाने पर है। हूती का सैन्य लक्ष्य इस हवाई अड्डे को जमींदोज करना है। सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन का कहना है कि उसने रियाद के ऊपर आ रही हूती बैलिस्टिक मिसाइल को रोककर नष्ट कर दिया है। इन मिसाइलों के टुकड़े मक्का और जेद्दा में गिरे हैं। यमन सरकार ने बताया है कि ईरान समर्थित समूह ने अदन पर हमला करके अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है।

- अल जज़ीरा के अनुसार, ईरान की सेना न दक्षिणी बंदर अब्बास के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया है। यह अमेरिका में विकसित एलयूसीएएस ड्रोन था।

अल जजीरा की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ईरान की सेना ने दक्षिणी बंदर अब्बास के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया है। यह एक मानवरहित हवाई वाहन (अनमैन्ड एरियल वेहिकल/यू.ए.वी.) है। इस बीच, मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ने का डर गहराता जा रहा है। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने बताया कि यह यूएवी अमेरिका में विकसित एलयूसीएएस ड्रोन था। इसे लो-कॉस्ट अनक्रूड कॉम्बैट अटैक सिस्टम (कम लागत वाला मानवरहित लड़ाकू हमला प्रणाली) के रूप में भी जाना जाता है।

इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिका कल ही ईरान पर हमला कर सकता है या फिर इस इस्लामिक गणराज्य के साथ कोई समझौता कर सकता है।

मस्क ने यूक्रेन में स्टारलिंक की स्पीड बहाल की

वाशिंगटन, 25 अक्टूबर। यूक्रेन का कहना है कि उनके यहां स्टारलिंक की स्पीड बहाल हो गई है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने माना कि ड्रोन हमलों के कारण स्पेसएक्स ने सर्विस की स्पीड कम कर दी थी। एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि उनकी कंपनी स्पेसएक्स ने यूक्रेन में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस की स्पीड कम कर दी थी। इससे उन ऑपरेशन में रुकावट आई, जिन पर यूक्रेन रूस के खिलाफ अपना बचाव करने के लिए निर्भर है।

- यूक्रेन के राष्ट्रपति के अनुसार, स्पीड कम करने से एक सप्ताह तक फ्रंट लाइन ऑपरेशन्स प्रभावित हुए थे।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स पर मस्क का यह बयान तब आया, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ैलैंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लिए स्टारलिंक और स्टारशील्ड सैटेलाइट लिंक की स्पीड फिर से पहले जैसी हो गई है। पाबंदियों के कारण एक हफ्ते से भी अधिक समय तक फ्रंटलाइन ऑपरेशन्स में रुकावट आई थी।

पिछले हफ्ते से ही यह सवाल उठ रहे थे कि मस्क के बनाए इस सैटेलाइट इंटरनेट सिस्टम में रुकावट लाने का आदेश किसने दिया था। कीव सालों से मॉस्को के हमलों का जवाब देने के लिए इसी सिस्टम पर निर्भर रहा हैं। जैलैंस्की ने एक्स पर लिखा, "स्पीड अब उतनी ही है जितनी होनी चाहिए।"

'पूर्व मुख्य ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का विरोध करना चाहिए। कौल ने 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) लाने के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस समय न्यायपालिका और सरकार आमने-सामने बैठकर व्यवस्था पर चर्चा कर सकती थीं और उसमें जरूरी सुधार किए जा सकते थे। कौल दिसंबर 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे और जून 2022 से चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले कॉलेजियम का हिस्सा रहे थे।

बंगाल की खाड़ी का डिप्रेशन चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल चुका है। इसके तेजी से शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह सिस्टम 26 अक्टूबर की सुबह चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इसके बाद 27 अक्टूबर को इसके गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।

आईएमडी भुवनेश्वर की निदेशक मनोरमा मोहंती के मुताबिक, चक्रवाती तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक शक्तिशाली हो सकता है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश के तट के पास पहुंचने की संभावना है। उन्होंने अनुमान जताया कि 28 अक्टूबर को दोपहर तक तूफान बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकरा सकता है।

मनोरमा मोहंती ने कहा कि तट से टकराने के दौरान तूफान की रफ्तार 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने का अनुमान है। वहीं, हवा के झोंके 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। ऐसे में तटीय इलाकों में तेज हवाओं और खराब मौसम का खतरा बढ़ सकता है।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 26 अक्टूबर को गंभीर चक्रवाती तूफान की चेतावनी जारी की
- मौसम विभाग के आंकलन के अनुसार, 28 अक्टूबर को तूफान बापटला और विशाखापट्टनम के बीच तट से टकरायेगा। उस समय तूफान की रफ्तार 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि इस चक्रवाती सिस्टम का असर ओडिशा में भी देखने को मिल सकता है। राज्य के कई इलाकों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि, ओडिशा में तूफान से ज्यादा असर बारिश के रूप में देखने को मिल सकता है। फिलहाल मौसम विभाग चक्रवाती सिस्टम की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। तूफान की दिशा, तीव्रता और संभावित प्रभाव को देखते हुए तटीय क्षेत्रों में मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखना जरूरी है।

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक 26 अक्टूबर की सुबह तक मौसम प्रणाली चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगी।

इसके बाद 27 अक्टूबर को इसके गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 28 अक्टूबर की सुबह तक यह सिस्टम पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश के तट के पास अति भीषण चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।

फ्रांस में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सड़क पर उतरे, जबकि यूनियनें ये संख्या क़रीब 8 लाख बता रही हैं।

महंगाई और स्कूलों की ख़राब स्थिति को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के अराजकता में बदलने से रोकने के लिए लगभग 70,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया और कई शहरों में प्रतिबंध लगाए गए।

पहलगाम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दर्ज किया गया, जबकि जम्मू संभाग के बनिहाल में यह 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि 24 अक्टूबर को दर्ज किया गया अधिकतम तापमान अधिकांश स्टेशनों पर सामान्य से नीचे रहा।

'खड़गे ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके परिवार को पहली बार अपशब्द नहीं कहे हैं। पार्टी नेता कभी उनकी पूजनीय माताजी के बारे में अपशब्द कहते हैं, कभी उन्हें मौत का सौदागर, कभी चायवाला कहकर उनकी गरीबी का उपहास उड़ाते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी हर रोज अभद्रता की सीमाएँ पार करती जा रही है।

कांग्रेस की "वोट बचाओ-देश बचाओ" महारैली में राजस्थान से 1 लाख लोग जुटाने की कवायद

जयपुर में वेणुगोपाल, पायलट, रंधावा, डोटासरा, जूली आदि ने रैली की तैयारियों पर विचार किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कांग्रेस की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित "वोट बचाओ-देश बचाओ" महारैली पर मंथन के लिए रविवार को जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में बैठक हुई। जिसमें राजस्थान से करीब 1 लाख लोग जुटाने पर चर्चा की गई। इसके लिए कांग्रेस बूथ स्तर से लेकर गांव-गांव तक संपर्क अभियान चलाएगी।

इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जितेंद्र सिंह, एआईसीसी सह प्रभारी रित्विक मकवाना, चिरंजीवी राव, एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ और पूनम पासवान सहित बड़ी संख्या में विधायक, विधायक प्रत्याशी और संगठन पदाधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस की "वोट बचाओ-देश बचाओ" महारैली पर मंथन के लिए रविवार को जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित बड़ी संख्या में विधायक, विधायक प्रत्याशी और संगठन पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक में वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली के लिए तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए। कांग्रेस ने राजस्थान से करीब 1 लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। इसको लेकर प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं से संपर्क करने और रैली की तैयारियां करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। कांग्रेस की योजना है कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाए। पार्टी नेतृत्व ने इस रैली में देशभर से लगभग 10 लाख लोगों की भागीदारी की अपेक्षा जताई है।

बताया जा रहा है कि जयपुर में हुई बैठक में कांग्रेस नेताओं ने "वोट बचाओ-देश बचाओ" अभियान को ग्रामीण और बूथ स्तर तक पहुंचाने की भी योजना तैयार की है। पार्टी के घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांवों में चौपालें आयोजित की जाएंगी। इनमें मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने की शिकायतों और मतदान से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

- बैठक में तय हुआ कि प्रदेश कांग्रेस नेता, गाँव-गाँव व बूथ स्तर तक जाकर लोगों से जुड़ेंगे और मतदाता सूचियों से नाम हटाने की शिकायतों व मतदान से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को वोट रक्षक के रूप में सक्रिय करने की योजना बनाई है। ये कार्यकर्ता मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायत करने वाले लोगों से संपर्क करेंगे और पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा सूची में जुड़वाने के प्रयास करेंगे। इससे पहले पार्टी ने अक्टूबर के दौरान विभिन्न स्थानों पर रैलियां, पदयात्राएं और विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया था।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालौर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424, हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908